केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

बंद लिफाफे में रखी चिट्ठी सी है ये जिंदगी.. पता नहीं अगले ही पल कौन सा पैगाम ले आये..।

वर्ष 14 अंक 54 | उज्जैन बुधवार 2 अगस्त 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

चतुर्थ समयमान वेतनमान की स्वीकृति

# मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

**2 नवीन तहसीलों के सृजन की मंजूरी ›››› दूरसंचार सेवाओं में विस्तार के लिये दिशा-निर्देश 2023 का अनुमोदन**



**भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में राज्य शासन के सभी विभागों के समान संवर्गों के लिये सुनिश्चित केरियर प्रोन्नयन योजना लागू करने की स्वीकृति दी गयी। इस निर्णय से प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को 35 वर्ष अथवा अधिक अवधि की सेवा होने की स्थिति में दिनांक 01 जुलाई, 2023 से चतुर्थ समयमान वेतनमान स्वीकृत हो सकेगा। चतुर्थ समयमान वेतनमान के दिशा-निर्देश जारी करने के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया। यह वेतनमान स्वीकृत करने पर शासन पर अनुमानित व्यय भार 250 करोड़ रूपये आयेगा।

## युवाओं को कला प्रशिक्षण फैलोशिप- 2023

मंत्रि-परिषद ने ÷युवाओं को कला प्रशिक्षण फैलोशिप-2023÷ देने का निर्णय लिया। परंपरागत एवं जन-जातीय लोक कला को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के माध्यम से प्रदेश के 1 हजार युवाओं को 3 महीने की अवधि के लिए 10 हजार रूपये की मानद फैलोशिप प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई। योजना में युवाओं को गायन, वादन, नृत्य, नाट्य, चित्र तथा शिल्प आदि में से किसी एक कला का प्रशिक्षण 3 माह में दिया जाएगा।

## 4 नवीन शासकीय महाविद्यालयों की स्थापना की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा 04 नवीन शासकीय महाविद्यालय, शासकीय विधि महाविद्यालय डिंडोरी, शासकीय महाविद्यालय नारायणगंज मंडला, शासकीय महाविद्यालय खिरकिया हरदा, शासकीय महाविद्यालय खड्डी सीधी की स्थापना की स्वीकृति दी गई। साथ ही 03 शासकीय महाविद्यालयों में नवीन संकाय शासकीय महाविद्यालय ताला, सतना (वाणिज्य), शासकीय महाविद्यालय रामनगर, सतना (विज्ञान एवं वाणिज्य), शासकीय महाविद्यालय सिलवानी रायसेन (विज्ञान), 03 शासकीय महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर नवीन विषय शासकीय महाविद्यालय ताला, सतना (संस्कृत, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान), शासकीय महाविद्यालयन्यू रामनगर, सतना (अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास), शासकीय महाविद्यालय अमरपाटन, सतना (कंप्यूटर साइंस) एवं 06 शासकीय महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन विषय प्रारंभ किए जाने के लिए कुल 341 नवीन पद सृजन तथा आवर्ती व्यय भार रूपये 1981.00 लाख प्रतिवर्ष एवं अन्य अनावर्ती व्यय रूपये 5854.32 लाख, इस प्रकार कुल 7835.32 लाख के व्यय की स्वीकृति दी गई है।

## नर्मदापुरम जिले में नवीन तहसील शिवपुर का सृजन

मंत्रि-परिषद ने जिला नर्मदापुरम में नवीन तहसील शिवपुर के सृजन की स्वीकृति दी। वर्तमान तहसील सिवनी मालवा के राजस्व निरीक्षक मंडल शिवपुर के पटवारी हल्का नम्बर 01 से 09, राजस्व निरीक्षक मण्डल चापडाग्रहण के पटवारी हल्का नम्बर 10 से 19, राजस्व निरीक्षक मण्डल पगढाल के पटवारी हल्का नम्बर 20 से 30 कुल 30 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। तत्पश्चात तहसील सिवनी मालवा में राजस्व निरीक्षक मण्डल खपरिया के पटवारी हल्का नम्बर 01 से 13, राजस्व निरीक्षक मण्डल धरमकंडी के पटवारी हल्का न. 14 से 23, राजस्व निरीक्षक मण्डल सिवनी मालवा के पटवारी हल्का नं. 24 से 33, राजस्व निरीक्षक मण्डल लोखरथलाई के पटवारी हल्का न. 34 से 45, राजस्व निरीक्षक मण्डल के नंदरवाड़ा के पटवारी हल्का न. 46 से 57, इस प्रकार कुल 57 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे।

नर्मदापुरम जिले की नवीन तहसील शिवपुर के कुशल संचालन के लिए तहसीलदार 01, सहायक ग्रेड-2 के 02, सहायक ग्रेड-3 का 04, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 01, जमादार / दफतरी / बस्तावरदार 1, वाहन चालक 1, भृत्य 04 इस प्रकार कुल 14 पद स्वीकृत किये गये हैं।

## सीधी में नवीन तहसील मड़वास का सृजन

मंत्रि-परिषद ने सीधी जिले में नवीन तहसील मड़वास के सृजन का निर्णय लिया। वर्तमान तहसील मझौली के राजस्व निरीक्षक मण्डल गिजावर के पटवारी हल्का 33,35-38,40,42-45 एवं 48 तथा राजस्व निरीक्षक मण्डल मडवास के पटवारी हल्का नम्बर 31,32,39,41,46,47 एवं 49 से 55 इस प्रकार कुल 24 पटवारी हल्के एवं 71 ग्राम समाविष्ट होंगे, जिनके गठन के बाद शेष तहसील मझौली में तहसील मझौली के प.ह.न. 1-11, 14-22 तथा रा.नि. मण्डल जोबा के प.ह.न. 12,13, 23-30 एवं 34, इस प्रकार कुल 31 पटवारी हल्के तथा 61 ग्राम समाविष्ट होंगे। सीधी में नवीन तहसील मड़वास के कुशल संचालन के लिए तहसीलदार 01, नायब तहसीलदार 02, सहायक ग्रेड 2 के 02, सहायक ग्रेड 3 के 04, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 3, जमादार/दफतरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1. भृत्य के 06 इस प्रकार कुल 20 पद स्वीकृत किये गये हैं।

# ट्रेन में गोलीबारी : उच्च स्तरीय जांच समिति मुंबई पहुंची, जीआरपी खंगालेगी सीसीटीवी फुटेज



**नईदिल्ली/जीएनएस।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक कांस्टेबल द्वारा ट्रेन में चार लोगों की कथित रूप से गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की जांच के लिए गठित एक उच्चस्तरीय समिति के सदस्य यहां पहुंच गए हैं और उनके संबंधित अधिकारियों से मुलाकात करने की संभावना है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जीआरपी ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करेगी। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने जयपुर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस में सोमवार को हुई घटना की व्यापक स्तर पर जांच करने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल चेतन सिंह (33) ने पालघर रेलवे स्टेशन के पास अपने स्वचालित हथियार से आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। जांच समिति में पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक और पश्चिम मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि समिति से इस मामले में रेलवे बोर्ड को अगले तीन महीने में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। पश्चिम रेलवे ने एक बयान में कहा, ''इस घटना में मारे गए यात्रियों के लिए 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की गई है। सहायक उपनिरीक्षक टीकाराम के परिवार को सेवा नियमों के अनुसार अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी।'' अन्य यात्रियों द्वारा जंजीर खींचे जाने पर मीरा रोड (मुंबई का उपनगरीय रेलसेवा पर स्थित) स्टेशन के पास ट्रेन रुकने के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे हथियार सहित पकड़ लिया गया। रेलवे पुलिस ने मारे गए दो यात्रियों की पहचान पालघर के नालासोपारा निवासी 58 वर्षीय अब्दुल कादरभाई मोहम्मद हुसैन भानपुरवाला और बिहार के मधुबनी निवासी 48 वर्षीय असगर अब्बास शेख के तौर पर की है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ जीआरपी अधिकारी ने मंगलवार को तीसरे यात्री की पहचान 43 वर्षीय सैयद के तौर पर की, उसके परिवार का पता लगा लिया गया है बुधवार को शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से बुधवार को मिलेंगे इंडिया गठबंधन के नेता

**नईदिल्ली/जीएनएस।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों की चिंताओं को सुनने के कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। राष्ट्रपति बुधवार सुबह 11.30 बजे विपक्षी सांसदों (संसद सदस्यों) से मिलने पर सहमत हुई हैं। 20 जुलाई को मानसून सत्र की शुरुआत से ही विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा दोनों में मणिपुर में हिंसा पर व्यापक चर्चा की मांग उठाई जा रही है। विपक्षी दल राज्य की स्थिति के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद में बयान देने की भी मांग कर रहे हैं। विपक्ष दलों का दावा है कि भाजपा शासित मणिपुर में हिंसा चिंताजनक है और इसके कारण कई लोगों की मौत हुई है। इंडिया गठबंधन ने नेताओं ने इस मामले में राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जानकारी देते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों के नेता और हाल ही में मणिपुर का दौरा करने वाले 21 विपक्षी सांसद बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, ''29 और 30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करने वाले 'इंडिया' के घटक दलों के 21 सांसद 2 अगस्त को सुबह 11:30 बजे माननीय राष्ट्रपति महोदया से मुलाक़ात करेंगे।

## नूंह जिले के बाद हरियाणा में हाई अलर्ट, सोहना में बुधवार को बंद रहेंगे शैक्षणिक संस्थान

**चंडीगढ/जीएनएस।** हरियाणा के नूंह जिले में हिंसा भड़कने के बाद गुरुग्राम के सोहना इलाके में सांप्रदायिक अशांति के कारण 2 अगस्त को सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। गुरुग्राम के जिला मजिस्ट्रेट ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि पड़ोसी जिले नूंह में सांप्रदायिक तनाव के कारण असामाजिक तत्वों ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था भंग हो सकती है। आदेश में लिखा है, किसी भी अप्रिय घटना से बचने और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, 2 अगस्त, 2023 को जिला गुरुग्राम के सोहना उप-मंडल में सभी सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों को मौजूदा हालात में बंद करना आवश्यक समझा जाता है।






# कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

## जनसुनवाई में कुल 51 आवेदन आए



**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा।** हेरा कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा मंगलवार को प्रातः 11 बजे जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त किए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्रार्थी हरचंद पिता हिमला एवं जगदीश पिता हिमला डामर निवासी ग्राम सामली तहसील पेटलावद द्वारा माडिया पिता भुरजी, अमसिंह पिता भुरजी डामर एवं मांगू पिता बिजल भूरिया निवासी ग्राम सामली तहसील पेटलावद जिला झाबुआ के विरुद्ध आवेदन में बताया कि विपक्षियो द्वारा प्रार्थी की ज़मीन के पास स्थित वर्षो से कब्ज़े की ज़मीन पर कब्ज़ा कर बोई हुई फसल को नष्ट कर रहे है एवं खेत में जाने का रास्ता भी बंद कर दिया है प्रार्थी ने रायपुरिया में भी रिपोर्ट की थी परन्तु कोई कार्यवाही नही की गइ। अतः प्रार्थी ने कब्ज़ा हटाने के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया। प्रार्थी थावरी पति नाथू 52 वर्ष मचार एवं इश्वर पिता नाथू मचार 27 वर्ष निवास अमलवानी तहसील रामा जिला झाबुआ द्वारा पप्पू पिता बाबरीया मचार, झुमडी पति पप्पू मचार, पुलिस कर्मी रायपुरिया थाना एवं पोस्टमार्टम चिकित्सक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेटलावद के विरुद्ध आवेदन में बताया कि विपक्षियो ने प्रार्थियो को मारा जिससे उन्हें गंभीर चोट आई एवं चिकित्सक ने कम चोटे बताई। जिसमे पुलिस वाले भी मिले हुए है जिसके कारण गंभीर चोट लागने से प्रार्थी नाथू की मृत्यु हो गई। पुलिस वालो के खिलाफ एवं विपक्ष के खिलाफ मुक़दमा दर्ज करने के सम्बन्ध में आवेदन प्रस्तुत किया।

प्रार्थी रमेश पिता रूपा डामोर, तेरसिंह पिता राजिया डामोर, इलियास पिता रमेश डामोर, दुलिया पिता रमेश डामोर एवं दिवान पिता राजिया डामोर निवासी सजेली नान्या सात तहसील मेघनगर जिला झाबुआ 35 से 40 वर्षो से खेती करते आ रहे है 7 प्रार्थी के परिवार में किसी के पास अन्य ज़मीन नहीं है इसके सन्दर्भ में प्रार्थी ने सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को सर्वे कर पट्टे दिलाए जाने के लिए निर्देश दिया था। लेकिन आज तक कोई भी कर्मचारी एवं अधिकारी द्वारा सर्वे नहीं किया गया। पट्टा दिलाने की कार्यवाही के सम्बन्ध में अवेदन दिया गया।

प्रार्थी होमा पिता डूटीया डामोर निवासी ग्राम नागनवाट बड़ी तहसील मेघनगर द्वारा आज़ादी के समय से कृषि का कार्य करता आ रहा है इसलिए प्रार्थी भूमि पट्टा चाहता है जिससे वह भवीष्म में कोई विवाद की स्थिति निर्मित न हो। प्रार्थी ने भूमि पट्टा प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।प्रार्थी देवचंद भृत्य शासकीय हाई स्कूल ढोल्यावाड रानापुर जिला झाबुआ को 31 जुलाई 2023 को सेवा निवृत कर दिया है लेकिन अभी तक सेवा निवृत का आदेश नही दिया गया है7 इसलिए प्रार्थी ने सेवा निवृत का आदेश देने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार जनसुनवाई में कुल 51 आवेदन आए। कलेक्टर सुश्री हुड्डा द्वारा सम्बंधित अधिकारियो को प्राप्त आवेदनों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए7 इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर, अपर कलेक्टर एस.एस मुजाल्दा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ हरिशंकर विश्वकर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आशा परमार एवं सभी अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में 2 अगस्त 2023 को स्टैंडिंग कमिटी की बैठक आयोजित की जाएगी

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 की प्रीरिविजन कार्यक्रम अनुसार पंजियन से शेष रहित मतदाताओ के नाम जोड़ने एवं निकट भविष्य में विधानसभा निर्वाचन 2023/ लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव संभावित है।**

**फोटो निर्वाचक नामावली 2023 के प्रारूप प्रकाशन किये जाने के सम्बन्ध में कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा की अध्यक्षता में 2 अगस्त 2023 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है।**

**बैठक में सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक कांतिलाल भूरिया वीरसिंह भूरिया, वालसिंह मेडा एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।**

## सार समाचार

## विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन किया गया



**आलोट/राकेश चोहान/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मनोज चावला ने खारवा ब्लॉक में लाखों रुपए के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया । आबूपुरा में 5 लाख की विधायक निधि से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया गया । ग्राम मंडावल में जि.प .निधि से 10 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर एवं दुकान निर्माण कार्य व 2.5 लाख की लागत से सी सी रोड का भूमि पूजन किया गया। साथ ही जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष पालीवाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जि.प निधि से ग्राम कसारी शनि मंदिर , किशनगढ़ माताजी मंदिर और लुनी में आर ओ वाटर कूलर प्रदान कर वृक्षारोपण किया गया । सावन पर्व के चोथे सोमवार को ग्राम मिनवादा से मनुनिया महादेव मंदिर तक जा रही यात्रा के स्वागत किया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मनोज चावला के साथ, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष पालीवाल ,जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार ,प्रदेश महासचिव निजाम काजी ,दिनेश जैन बॉस ,रण छोड़ त्रिवेदी , प्रताप सिंह गुर , जिला पंचायत सदस्य डी.पी धाकड़,राजेश भरावा, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, रजाक मंसूरी, जितेंद्र सिंह डोडिया , अरुण पंड्या, नरेंद्र सिंह डोडिया ,अर्जुन चौधरी ,सुरेश डांगी ,नारायण चौधरी ,पवन मोदी ,कमल डांगी ,गुमान सिंह, अंकित पोरवाल और कई कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## आर्ट ऑफ लिविंग के तीन दिवसीय सत्र का आयोजन




**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीएम राइस विद्यालय बड़नगर में आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के भावना दीदी, अरुण महेन्द्र एवं सहयोगी द्वारा दिनांक 31 जुलाई से 2 अगस्त 2023 तक विद्यालय के इच्छुक 100 विद्यार्थियों को योग एवं सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करवाया जा रहा है जिससे विद्यार्थी के जीवन में आत्मविश्वास एकाग्रता, स्मृति क्षमता आदि का विकास हो रहा है ! कार्यक्रम का संचालन विद्यालय से आर्ट ऑफ लिविंग के नोडल शिक्षक जगदीश सोलंकी एवं समिति के अन्य सदस्य राधेश्याम परमार एवं जयप्रकाश यादव द्वारा किया गया है।

## बकाया बिल की 10 प्रतिशत राशि जमा करने के बाद भी विद्युत मंडल ने नहीं बदला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**सोयत कला/ विष्णु जाटव/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरकार हर घर में बिजली पहुंचाने के लिए अटल ज्योति योजना चला रही है ताकि घर के अंधेरे को रोशनी से दूर किया जा सके । लेकिन सोयत क्षेत्र में उसके उलट देखने को मिल रहा है।? विद्युत कंपनी की लापरवाही के कारण देवली गांव के ग्रामीण परेशान हैं पिछले 10 दिनों से गांव का ट्रांसफर जला हुआ है । ग्रामीणों द्वारा बकाया बिल की 10 प्रतिशत राशि जमा करने के बाद भी ट्रांसफर नहीं बदला जा रहा है। गांव में बिजली न होने से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को उप तहसील कार्यालय व मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा व ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की।

ज्ञापन सोपने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहले से तीन ट्रांसफार्मर लगें हुए थे । जिसमे से दो ट्रांसफार्मर को विद्युत कर्मचारियों ने लापता कर दिया । अब पूरे गांव में एक ही ट्रांसफार्मर बचा हुआ है जिस पर अधिक लौट आने की वजह से बार-बार जल रहा है। गांव में बचा ट्रांसफार्मर पिछ्ले 12 दिनों से जला हुआ है । ग्रामीणों ने तीन-चार दिन पहले बकाया बिल की 10त्न राशी एक लाख से अधिक जमा कर दी। फिर भी अधिकारियों द्वारा ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है गांव में उमस भरी गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। मामले में जब कनिष्ठ अभियंता पंकज वर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि मैंने उसी दिन ट्रांसफार्मर से संबंधित कागजात पूर्ण कर दिए थे। बुधवार तक ट्रांसफार्मर बदल दिया जाऐगा।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी विधानसभा निर्वाचन के सम्बन्ध में सेक्टर अधिकारियो को निर्देश दिए



**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार को डी .आर. पी लाइन भवन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर विधानसभा क्षेत्र झाबुआ, थान्दला एवं पेटलावद में नियुक्त किए गए प्रशासन एवं पुलिस के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली7 2 अगस्त को निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन किया जाना है। सभी सेक्टर अधिकारी इस दौरान अपने क्षेत्र मे उपस्थित रहेंगे। साथ ही 3 से 10 अगस्त तक अपने भ्रमण पर रहते हुए निर्वाचक नामावली से जुड़े कार्यों को पुर्ण कराएंगे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 1 अक्टूबर 2023 की आर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष पुनरीक्षण के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 2 अगस्त को प्रत्येक मतदान केन्द्र पर किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान केन्द्र स्तर पर नामावली का प्रारूप प्रकाशन के उपरांत बी.एल.ओ द्वारा 2 अगस्त से 31 अगस्त 2023 तक दावे आपत्तियां प्राप्त कि जाएगी, जिसका निराकरण 22 सितम्बर 2023 तक किया जाएगा पुनरीक्षण के संबंध में 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त को विशेष अभियान संचालित होंगे। सेक्टर ऑफिसर 3 अगस्त से 10 अगस्त के मध्य उन्हें आवंटित मतदान केन्द्र पर संम्बधित बी.एल.ओ की उपस्थिती मे निर्वाचक नामावली का वाचन करेंगे। इस दौरान क्षेत्र के अधिक से अधिक मतदाताओं की उपस्थिती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। 5 जनवरी 2023 से अभी तक डिलीट किए गए मतदाताओं का सत्यापन सेक्टर अधिकारी द्वारा किया जाएगा यदि किसी मतदाता का नाम त्रुटीवश डिलीट होना पाया जाता है, तो उस संबंध में पूर्ण परीक्षण उपरांत नाम जोड़ने के लिए नियमानुसार कार्यवाही कि जाएगी। निर्वाचक नामावली की अंतिम प्रकाशन 04 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में त्रिशूल वितरण



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल बड़नगर तहसील बैठक हनुमान मंदिर डायवर्शन रोड़ बड़नगर संपन्न हुई बैठक में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद मालवा प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव उज्जैन विभाग मंत्री रमेश बड़ोदिया, बड़नगर अध्यक्ष गोविंद उपाध्याय, राष्ट्रीय बजरंग दल नगर अध्यक्ष सचिन यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक का प्रारंभ हनुमान चालीसा के साथ हुई । प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया, आपने आगे बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया के नेतृत्व में संपूर्ण देश भर में संगठन हिंदू समृद्धि सुरक्षा सम्मान हिंदू ही आगे की भूमिका में कार्य कर रहा है, इस दौरान आपने धर्म योद्धाओं को त्रिशूल धारण करवा कर कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलवाया । बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रम की योजना को लेकर कार्य योजना बनाई गई जिसमें 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसको लेकर योजना बनाई गई । राष्ट्रीय बजरंग दल सदस्यता भर्ती अभियान शुरू करेंगे बड़नगर तहसील में हिंदू युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य 1000 कार्यकर्ताओं का राष्ट्रीय बजरंग दल से जोड़ेंगे । ग्राम अमला अध्यक्ष गौरव योगी उपाध्यक्ष विवेक जयसवाल कृष्णा राठौड़ मयंक वर्मा गोपाल पाटीदार शुभम निनामा मनीष जादव बड़नगर अमला राजोटा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे उक्त जानकारी राष्ट्रीय बजरंग दल अध्यक्ष गौरव योगी द्वारा दी गई।

## कांतिलाल भूरिया मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष मनोनीत किए गए

### संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष की लहर जिले भर के नेताओं ने दी बधाई



**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक कांतिलाल भूरिया को श्रीमती सोनिया गांधी राहुल गांधी के निर्देशानुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने 32 सदस्यि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है

भूरिया प्रदेश चुनाव प्रचार अभियान समिति के अध्यक्ष मनोनीत होने पर झाबुआ अलीराजपुर कांग्रेस नेताओं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं हर्ष व्याप्त है

विधायक वीर सिंह भूरिया वाल सिंह मेडा मुकेश पटेल कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका पूर्व विधायक जेवियर मेडा कांग्रेस महासचिव निर्मल मेहता जिला पंचायत अध्यक्ष सोनल भाभर गेंदाल डामोर जसवंत भाभर घनश्याम सिंह सेमलिया प्रवक्ता साबिर फिटवेल रमेश रमेश डोसी विजय भाभर ठाकुर निर्भय सिंह बंटू अग्निहोत्री राजेश भट्ट रूप सिंह डामोर हेमचंद डामोर आशीष भूरिया विनय भाभर गौरव सक्सेना गंगा श्वेता मोहनिया वीणा कुंवर राठोर सुनीता अलावा माथियास भूरिया यामीन शेख वीरेंद्र मोदी ठाकुर आदित्य सिंह ठाकुर रविंद्र सिंह जितेंद्र सिंह राठौड़ कैलाश डामोर शंकर सिंह भूरिया राजा पवार रशीद कुरेशी जितेंद्र शाह करीम कुरेशी गोलू कुरैशी वसीम सैयद बबलू कटारा गोपाल शर्मा चंदूलाल पडियार सुरेश समीर दिनेश गाहरी रोहित हटीला सुनीता अलावा मारिया डोडिया र मालू डोडियार शीला मकवाना मन्नालाल हा म 'नरेश अमलियार किलु भूरिया वरुण मकवाना ओवैस शेख कान्हा गुनडिया खुना गुनडिया दिलीप भूरिया देवल परमार दरियाव सिंह मे डा अंतर सिंह मौर्य रत्ना वाखला पप्पू वड़कियां धूमा भाभोर अरुण मकवाना दीपू डोडियार दिनेश सिंगार मानसिंह मीणा राजेश डामोर विनोद पंचाल शाहरुख खान अमन शेख आदि नेताओं ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान समिति में कांतिलाल भूरिया अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उन्हें बधाई दी एवं केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।

## परमार्थ मानव सेवा संस्थान के चुनाव संपन्न



**बडनग/दैनिक मालवा हेराल्ड।** परमार्थ मानव सेवा संस्थान द्वारा आगामी कार्यक्रमों एवं निर्वाचन हेतु एक आवश्यक बैठक स्थानीय गांधी चौक स्थित कार्यालय पर संस्था संरक्षकद्वय महेंद्र पोरवाल, सतीश नीमा एवं संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई । बैठक में सर्वानुमति से संस्था अध्यक्ष राकेश शाह (किलोली), संस्था सचिव आनंद अनावड़िया एवं कोषाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर मनोनीत किये गये।बैठक के अवसर पर आगामी कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय गांधी चौक में भारत माता की भव्य महाआरती, रक्षाबंधन पर्व पर सेवा बस्तियों में पहुंचकर रक्षाबंधन पर्व मनाना, भादवा मास के प्रथम सोमवार पर निकलने वाली सामूहिक सवारियों का अभिनंदन एवं सितम्बर माह में विशाल स्वास्थ्य शिविर आदि आयोजनों को लेकर चर्चा कर रुपरेखा तैयार की गई । बैठक के अवसर पर संस्था के निवृत्तमान अध्यक्ष रितेश जैन (चांदी) ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में दिये गये योगदान के प्रति सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर नीतेश जोशी, श्याम शर्मा, राकेश गोलेचा, राधेश्याम गेहलोत, राहुल ओरा, शैलेंद्र पोरवाल, लक्ष्मीकांत चोटिया, बंटू चौरसिया, मनोज शर्मा (पिन्टू), संजय कटारिया, दीपक बरनासिया, हेमंत शर्मा, कार्तिक विजयवर्गय, नमन छाजेड़ आदि उपस्थित थे । आभार निवृत्तमान सचिव उमेश सोनी ने माना । उक्त जानकारी संस्था सदस्य अर्चित गोखरु ने दी ।

## स्वर्गीय श्री दिलीप जी नवलखा की पांचवी पुण्यतिथि



**महिदपुर/यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वर्गीय श्री दिलीप जी नवलखा की पांचवी पुण्यतिथि पर गोशाला में गोमाता को पशु - आहार,गुड़,एवं पक्षियों को ज्वार से आहार करवाया गया जिसमें आदिनाथ ग्रुप के सदस्य चमन सोनी,संजय सोनगरा,डॉ विमल पाठक,गिरीश नाबरिया,निलेश बच्छावत,संदीप सेठिया बबलू मेहता,प्रवीण कोचर,सिद्धार्थ नवलखा,दिपक नवलखा, अंतिम जोशी,रोमिल चोपड़ा,प्रदुम्न सोनगरा,परितोष सकलेचा एवं अन्य उपस्थित थे।

## बालाजी धाम ग्राम अय्यापुर में पूर्णिमा के अवसर पर हुआ विशाल भंडारा



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।**समीपस्थ प्रसिद्ध स्थान बालाजी सरकार धाम अय्यापुर मंगलवार को बालाजी सरकार का दिन के साथ ही पूर्णिमा के पावन अवसर पर भक्तों के दर्शन को आतुर भीड सुबह से लेकर देर शाम तक लगी रही जहां श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए गए मंदिर के पुजारी सौदान सिंह चावड़ा ने बताया कि प्रति पूर्णिमा पर विशाल भंडारे का आयोजन भक्तों की मनोकामना पूर्ण के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था व उन्हीं के द्वारा आयोजित किया जाता है जहां इस पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर समिति के साथ ही ग्राम पंचायत मंगलज के सरपंच ईश्वर पाटीदार के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया वहीं सरपंच श्री पाटीदार ने बताया कि क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना साथ प्रसिद्ध स्थान होने का साथ लोग बालाजी सरकार के प्रति आस्था व यहां से हर दुखी व्यक्ति वक्त का कष्ट व संकट दूर होते ऐसी यहां की मान्यता है जहां कई प्रकार के चमत्कार देखें वहां मैंने भी कई मन्नते मांगी थी जहां पूरी होने पर अब यहां मेरे द्वारा श्रद्धा के अनुसार यहां भंडारा आयोजन किया है जिसमें कई श्रद्धालुओं सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण की गई जहां सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया मंडल अध्यक्ष सूरज सिसोदिया भाजपा नेता प्रकाश मेवाड़ा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार महामंत्री महेंद्र गोवा मांगीलाल सूर्यवंशी हेमंत मेवाड़ा पूर्व सरपंच टीकम सिंह छगनलाल पाटीदार पहलाद सिंह राजपूत धर्मराज परमार करतार सिंह कमल चावड़ा सहित कई श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।

## अलग-अलग स्थानों पर दो चार पहिया वाहन पलटी, 2 दर्जन से अधिक यात्री घायल



**सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना क्षेत्र से होकर गुजरे इंदौर कोटा नेशनल हाईवे पर रविवार सोमवार की रात्रि को दो अलग-अलग स्थानों पर हादसे घटित हुए। ?हादसे में तीर्थ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का लोडिंग वाहन व कार पलटी खा गई। हादसे में 24 व्यक्ति घायल हुए। घायलों को 108 एंबुलेंस से नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए।? दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई ।? नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं ना होने के कारण सभी घायलों का उपचार कर झालावाड़ रेफर किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। व घायलों के बयान दर्ज कर देहरिया के समीप घटित हुई दुर्घटना में लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया।

जानकारी के अनुसार पहली सड़क दुर्घटना रात 10 बजे देहरिया के समीप घटित हुई। इंदौर से खाटूश्याम दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का लोडिंग वाहन स्ब्ध09एलआर 9294 का टायर फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 7 मासूम सहित 21 यात्री घायल हुए। सभी घायलों का उपचार कर झालावाड़ रेफर किया। ?पुलिस ने लोकेश पिता मुन्नालाल खेड़े जाति बलाई निवासी तलाई नाका थाना सिमरोल तहसील मऊ जिला इंदौर की शिकायत पर लोडिंग वाहन चालक संतोष पिता नवलसिंह मंडलोई निवासी इंदौर थाना भवरकुआं के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया।

दूसरा हादसा- मंगलवार अलसुबह 5 बजे इसी मार्ग पर डोंगरगांव की बालाजी गौशाला के समीप हुआ। मार्ग पर अचानक गाय सामने आजाने के कारण दिल्ली से उज्जैन जा रहे हे यात्रियों की कार पलट गई। हादसे में 3 व्यक्ति घायल हुए। घायलों को 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कर झालावाड़ रेफर किया।

अस्पताल में मची चीख-पुकार - देहरिया के समीप घटित हुई दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को राहगीरों की मदद से जैसे ही अस्पताल लाना शुरू हुआ। वैसे ही अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई। घायल हुए छोटे-छोटे बच्चे बिलख बिलख कर रो रहे थे। ?बच्चों का दर्द देख मदद के लिए पहुंचे लोग सहम गये। तथा हर कोई व्यक्ति बच्चों को चुप करा कर घायलों की मलहम पट्टी करने लगे। लेकिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएं ना होने के कारण झालावाड़ रेफर किया।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में आज रवाना होंगे यात्री



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार हर तबके को तीर्थ कर आ रही है जहां इसी कड़ी में अब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा प्रदेशभर के यात्रियों को रामेश्वर धाम की यात्रा कराई जाएगी जहां इसी कड़ी में आज बुधवार को शाजापुर जिला से 80 यात्रियों का दल रामेश्वर धाम के लिए रवाना हुआ जहां इसी कड़ी में मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत के अंतर्गत 13 तीर्थ यात्रियों का चयन हुआ जिसमें नगर के 2 यात्री भी सम्मिलित है जहां भेरूलाल योगी व उनकी पत्नी लक्ष्मी बाई योगी दोनों भी उक्त रामेश्वर धाम की यात्रा में निकलेंगे जहां आज इन्हें शाजापुर से शुजालपुर स्टेशन पर लाए जाएगा जहां पर शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल आदि विदाई देंगे।

## रामदेवरा रुणिचा धाम पैदल जाने वाले यात्रियों का श्रीराम कि स्टाल पर जय बाबा री समिति ने किया स्वागत



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।**नगर मैं रुणिचा धाम जाने वाल यात्रियों का जगह-जगह होता है स्वागत भोजन प्रसादी व विश्राम की रहती है व्यवस्था मंगलवार को अकोदिया से पैदल रुणीजा धाम जाने वाले यात्रियों का बस स्टैंड पर श्रीराम टि स्टाल पर जय बाबा री सेवा समिति के द्वारा चाय नाश्ता करवाया और उनका स्वागत सत्कार किया वही सारंगपुर रोड पर स्थित जय बाबा री सेवा समिति भंडारे में रात्रि विश्राम की व्यवस्था यात्रियों के लिए की गई जो विगत 2 माह तक चलती रहेगी।

# मेरी नजर से मंदसौर फोटो प्रतियोगिताः शहर के विकास और प्राचीन धरोहरों से अवगत हुए लोग






**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** फोटो जर्नलिस्ट ग्रुप भोपाल व मंदसौर द्वारा नगरपालिका सभागार में 'मेरी नजर से मंदसौर' विषय पर फोटो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दीपक माली ने प्राप्त किया, द्वितीय पुरस्कार गजेंद्र सांवरिया एवं तृतीय स्थान सुरेखा सोनी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दो सांत्वना पुरस्कार अंजुम शाह एवं सौरभ जैन ने अर्जित किए।

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष रामदेवी गुर्जर ने कहा कि प्रतियोगिता बहुत अच्छी है फोटो के माध्यम से सभी ने शहर के प्रति अपने अनुभव साझा किए है,यह शहर के विकास और प्राचीन मंदसौर के इतिहास को दर्शाते है, महाराजा यशोधर्मन के स्तम्भ व सूर्य मंदिर यहाँ मौजूद है। हुडको डायरेक्टर बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि अपनी प्रसिद्धि या अपने उद्देश्य के लिए व्यक्ति जो काम करता है उस काम को और उसके हुनर को सराहना मिलना चाहिए। नगरपालिका को भी ऐसी प्रतियोगिता आयोजित करना चाहिए ताकि प्रेस फोटोग्राफर, पत्रकार व् शहर के नवोदित चित्रकारों के माध्यम से नगर के विकास को आमजन तक पहुंचाया जा सके। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी ने कहा की नई पीढ़ी को प्रतिदिन अखबार पढ़ना चाहिए युवाओं को कॅरियर में लम्बी उड़ान भरना है तो उन्हें हाल ही में होने वाली घटनाओ की जानकारी होना चाहिए, सभी विद्यार्थियों को कला, संस्कृति व् साहित्य से अवश्य जुड़ना चाहिए। युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन पहले फोटो की एक अमिट छाप थी फोटोग्राफर अखबार की जान होता था, फोटो से समाचार पूर्ण होता है कोई इसे झुठला नहीं सकता है। यह प्रतियोगिता बहुत ही उर्जा देने वाली है। समाजसेवी नाहरू खान ने कहा की फोटोजर्नलिस्ट ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष यह सराहनीय कार्य किया जाता है फोटो के माध्यम से मंदसौर शहर की पहचान को आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. घनश्याम बटवाल, डॉ. जेके जैन थे। इस अवसर पर मीडिया क्षेत्र से जुड़े शहर के प्रमुख फोटोग्राफर संजय जैन, बलदेव सिंह सिकरवार, सचिन जैन, गोलू चौहान, जगदीश वसुनिया, पिंटू शर्मा, अशोक त्रिवेदी, रोहित सोनी, कुणाल कश्यप, सुनील शर्मा, नितिन शर्मा, शुभम चौहान, यश लौहार, ललित भाटी, जावेद अंसारी, रोहित सोलंकी का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपये एवं ट्राफी, तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये एवं ट्राफी तथा दो सांत्वना पुरस्कार 500-500 रुपये विजेता प्रतियोगियो को दिये गये। अतिथियों का स्वागत फोटो जर्नलिस्ट ग्रुप के रमेश चौहान, पंकज परमार, जितेन्द्र शर्मा, अरविंद जोशी, आकाश माली आदि ने किया। संचालन चन्द्रशेखर नागदा ने किया।

# मंदसौर के पिपलिया में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह का रोड शो आज

## मल्हारगढ़ और गरोठ में करोड़ों की सिंचाई योजना की देंगे सौगात

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान बुधवार को पिपलियामंडी में रोड शो कर जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम के दौरे को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। बीते दिनों प्रशासनिक अधिकारियों से सीएम के दौरे को लेकर सुरक्षा, व्यवस्था सहित ट्रैफिक, वाहन पार्किंग और सभा स्थल का रोड मैप तैयार किया था। रविवार को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने हेलीपेड से लेकर रोड शो और सभास्थल तक का मुआयना किया था।**

सीएम के प्रशासनिक दौरे मुताबिक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 2 अगस्त आगर मालवा में कार्यक्रम के बाद हेलीकॉप्टर से दोपहर 3.15 बजे पिपलियामंडी ने बादरी में हेलीपैड पर उतरेंगे इसके बाद वे काफिले के साथ पिपलियामंडी में रोड शो करते हुए कॉलेज ग्राउंड स्थित सभा स्थल पहुंचेंगे। रोड शो के दौरान ने सीएम सरदार वल्लभ भाई पटेल, ज्योतिबा फुले और राजा टोडरमल की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

### विकास कार्यों की देंगे सौगात

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 876 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली मल्हारगढ़ दाब युक्त सूक्ष्म वृहद सिंचाई परियोजना का भूमि पूजन करेंगे। यह परियोजना मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम अरनिया जटिया में निर्मित होगी। इस परियोजना से 126 ग्रामों को सिंचाई के लिए चंबल नदी का पानी मिलेगा। इससे 46 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। वही सीएम मंच से गरोठ में 418 करोड़ 23 लाख की गरोठ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना लोकार्पण करेंगे। इस परियोजना से 62 गांवों को सिंचाई के लिए चंबल नदी का पानी मिलेगा। इससे 21 हजार 400 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी।

### सभा स्थल जाने के लिए यहां करें वाहन पार्किंग

मंदसौर की ओर से सभास्थल पर आने वाली बसें थाना पिपलिया मंडी के पास सोंकड़ी गांव होकर सभा स्थल के पास पार्किंग स्थल पर जाएगी। नीमच की ओर से सभास्थल पर आने वाली बसें मीनाक्षी होटल से दायां टर्न लेकर सभा के लिए बनाए और अस्थाई कच्चे मार्ग पर चलती हुई, पावागढ़ माता के पास खड़ी होंगी। कार और अन्य चार पहिया वाहन पार्किंग सभा स्थल के पास कनघट्टी रोड पर पार्किंग में खड़ी होगी। दो पहिया वाहन पार्किंग सभा स्थल के पास कनघट्टी रोड पर पार्किंग में खड़े होंगे।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की अधिकतम राशि 500 तय, ली जा रही ज्यादा

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रीराम युवा सेना के प्रदेश अध्यक्ष कुणाल श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए कहा है कि मंदसौर में कुछ वर्षों में निजी सोनोग्राफी सेंटरों की भरमार हो चुकी है। कारण यह है कि चिकित्सक कमीशनखोरी के चक्कर में अनावश्यक रूप से मरीजों की सोनोग्राफी करवा रहे है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा जून 2023 में निजी सोनोग्राफी सेंटरों को गर्भवती महिलाओं से लेने वाले शुल्क की राशि तय की गई जिसमें 500रू. राशि गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी का शुल्क निजी सोनोग्राफी सेंटर ले सकते है। यह आदेश की प्रति शासन द्वारा सभी जिम्मेदार अधिकारियों को प्रेषित की गई है लेकिन इन सबकी जानकारी होने के बाद भी प्रशासन की चुप्पी संदेहास्पद है जिसके चलते निजी सोनोग्राफी सेंटर गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी का शुल्क अवैध रूप से मनमाने तरीके से 1100 रू. तक वसूल रहे है। श्रीवास्तव ने कहा कि सोनोग्राफी सेंटरों पर आकस्मिक छापामार कर जांच की जाए तो कमीशन के दस्तावेज जब्त किये जा सकते है। श्रीवास्तव ने कलेक्टर से मांग की है कि शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेने पर इन निजी सोनोग्राफी सेंटरों के लाइसेंस निरस्त किये जाये तथा ऐसे चिकित्सक जो निर्धारित निजी सेंटर पर ही सोनोग्राफी करने को मरीजों को मजबूर करते है ऐसे चिकित्सकों के विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाए।

# भगवान का अभिषेक के बाद प्राप्त जल गंन्धोदक बन जाता है मुनिश्री सुप्रभ सागर






**सिंगोली (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्ण समर्पण के द्वारा ही व्यक्ति इष्ट की प्राप्ति कर सकता है। भगवान के चरणों में अपने आपको समर्पित कर दो, तो आप भी भगवान बन जाओगे। हमारा समर्पण पूर्ण नहीं होता है, इसलिए भगवत्सता की प्राप्ति नहीं हो रही है। भगवान के अभिषेक के बाद प्राप्त जल गन्धोदक बन जाता है,यह बात नगर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से शिक्षीत व वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज से दिक्षीत मुनिश्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने 1 अगस्त मंगलवार को प्रातः काल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा और वह गंधोदक मुक्तिलक्ष्मी रूपी स्त्री से पाणिग्रहण में कारण बनता है। जिस प्रकार मिट्टी में डाला गया बीज जल मिलने पर अंकुरित हो जाता है, उसी प्रकार भगवान के गंधोदक को लगाने पर जीवन में पुण्य का अंकुरण होने लगता है। अभिषक द्वारा प्राप्त गंधोदक देवेन्द्र और चक्रवर्ती के राज्यभिषेक को प्राप्त कराने वाला है तथा वह सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित रूपी लता को बढ़ाने वाला होता है। आचार्यो ने पुराणग्रंथों में गन्धोदक की अचिन्त्य महिमा कही है। मैनासुन्दरी ने भगवान के अभिषेक के गंधोदक के द्वारा अपने कोढी पति श्रीपाल का कोढ दूर कर दिया था। गंधोदक के द्वारा यश, धन सम्पदा और विजय की प्राप्ति होती है। कुछ लोग कहते है कि भगवान के स्नान का जल ग्रहण करने से क्या होता है, उन्हें जवाब देते हुए आचार्य कहते है कि भगवान के स्नान का जल गंधोदक कहलाता है और वह पवित्र माना जाता है, उसे मस्तक पर चढ़ाते है, परन्तु सामान्य मनुष्य के स्नान जल नाली में जाता है, वह निर्मल स्वच्छत जल को भी अपवित्र बना देता है। उसे कोई भी मस्तक पर नहीं चढाता है। उसे तो? कोई स्पर्श भी नहीं करता है।वही मुनिश्री दर्शितसागर जी महाराज ने कहा कि आचार्यों ने पराधीनता को नरक कहा है। कोई भी किसी के अधीन नहीं रहना चाहता है। पराधीनता दुःख का कारण है। किसी पक्षी को अच्छे सोने के पिंजडे में रख दो, उसे अच्छा खाने को दे दो, फिर भी वह उस पिंजडे से बाहर आने के लिए झटपटाता है। लौकिक जीवन में व्यक्ति यदि किसी के अधीन है, उसे सब कुछ सुविधा दी जा रही है, फिर भी प्रसन्न नहीं हो सकता है क्योंकि पराधीनता किसी को भी स्वीकार नहीं होती है। जैसे लौकिक जीवन में इसरों की अधीनता में झटपटाहट होती है, वैसे ही अध्यात्मिक जीवन में कर्मो की अधीनता में झटपटाहट होनी चाहिए। परन्तु इस अनादिकालीन पराधीनता में कोई भी छूटने का सच्चा पुरुषार्थ नहीं कर रहा है। अब अवसर मिला है, कि कर्मो की पराधीनता तोड़ने क समीचीन पुरुषार्थ कर ले।

## संत रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्रा में महापौर सम्मिलित हुए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संत शिरोमणि श्री रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रम में संत रविदास गार्डन अंकपात मार्ग पर आयोजित हुआ। प्रारंभ में अतिथियों द्वारा संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् संत रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्रा प्रारंभ हुई। महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा यात्रा में शामिल चरण पादुका एवं कलश का पूजन किया गया।कार्यक्रम में श्री माखन सिंह चौहान अध्यक्ष सिंहस्थ मेला प्राधिकरण, डॉ सत्यनारायण जटिया सदस्य केंद्रीय समिति, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक श्री पारस जैन, निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, के साथ ही गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 3 टन पॉलिथीन का जखीरा बरामद किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। अमानक स्तर की पॉलिथीन पर लगे प्रतिबंध के बाद नगर निगम की टीम ने मंगलवार को पटेल नगर में एक गोदाम पर दबिश देकर 3 टन के लगभग प्रतिबंधित पॉलिथीन का जखीरा पटेल बरामद किया गया है। कारोबार करने वाले युवक के खिलाफ 3 माह पहले भी जुर्माने की कार्रवाई की गई थी।**

पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले अमानक स्तर के प्लास्टिक पर केंद्र और राज्य सरकार काफी समय पहले प्रतिबंध लगा चुकी है। बावजूद इसके शहर में बड़े स्तर पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बनी पॉलिथीन और सामग्री का कारोबार छुपकर किया जा रहा है। नगर निगम की टीम द्वारा लगातार अमानक स्तर के प्लास्टिक को बरामद करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में निगम के डिप्टी कमिश्नर संजेश गुप्ता ने अपनी टीम के साथ पटेल नगर स्थित महादेव मंदिर के समीप एक तहखाने नुमा बने गोदाम पर दोपहर में दबिश मारी। गोदाम का संचालन प्रकाश भिमानी द्वारा काफी समय से किराए पर लेकर किया जा रहा था। गोदाम से करीब 3 टन अमानक पॉलिथीन बरामद होना सामने आई है। निगम के डिप्टी कमिश्नर गुप्ता के अनुसार प्रकाश भिमानी के खिलाफ 3 माह पहले भी मक्सी रोड पर अमानक स्तर की पॉलिथीन बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए 5 हजार का जुर्माना किया गया था। बावजूद एक के संबंध में लगातार कारोबार करने की जानकारी मिल रही थी। सोमवार रात से ही एक के गोदाम की जानकारी जुटाना शुरू किया गया था पुख्ता सबूत मिलने पर दबिश दी गई।

# कोरोना काल की खरीदी में घोटाला,सोनकच्छ के पूर्व सीएमओ सहित 4 पर लोकायुक्त प्रकरण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागीय लोकायुक्त पुलिस ने देवास जिला के सोनकच्छ नगर परिषद के पूर्व सीएमओ एन. एस. चौहान, स्टोर प्रभारी मानसिंह मनोरिया, निजी फर्म संचालक नितिन गांगुर्दे और रवि राजौरिया के खिलाफ पद के दुरूपयोग एवं अनियमित एवं फर्जी भूगतान का मामला दर्ज किया है। चारों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,13(1) अ,13(2) और आईपीसी की धारा 201, 409,420,120 ब के अधीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

लोकायुक्त डीएसपी सुनील तलान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा को शिकायत प्राप्त हुई थी कि कोरोना काल में नगर परिषद सोनकच्छ देवास में माह मई 2020 से जुलाई 2020 के मध्य प्रधानमंत्री आवास योजना मद से रुपए 1,27,27,046( एक करोड़ सत्ताइस लाख सत्ताइस हजार छियालिस रुपए) का अनियमित भुगतान मद में परिवर्तन कर किया गया है। शिकायत की जांच डी. एस. पी. सुनील तालान को सौंपी गई । जांच में पुष्टि हुई कि तत्कालीन सी .एम. ओ. के .एन .एस. चौहान ने कोविड की सामग्री क्रय करने के नाम पर पी .एम. ए. वाय. योजना के मद से अन्य मद में राशि का दुरुपयोग कर अनियमित भुगतान किया । ज्यादातर सामग्री नितिन गांगुर्दे की फर्मो जैसे नितिन ट्रेडिंग, मां तुलजा इंटरप्राइजेज आदि से खरीदना बताया ।स्टोर प्रभारी मानसिंह मनोरिया ने भी सीएमओ द्वारा बताए अनुसार बिना सामग्री प्राप्त किए स्टॉक में आमद दर्शा दी। इंदौर की फर्म रवि इंटरप्राइजेस से भी नियम विरुद्ध खरीदी की। नितिन गांगुर्दे को 55 लाख से अधिक और रवि राजौरिया को 5 लाख लगभग का अनियमित और फर्जी भुगतान किया। फर्मो ने लाखों के बिल पर जीएसटी भी जमा नहीं किया। सी एम ओ ने तत्कालीन प्रशासक एस.डी.एम. से नोट शीट पर बिना अनुमति प्राप्त किए स्वयं एकल हस्ताक्षर से इस तरह का भुगतान किया। पी.एम .ए .वाय .योजना की राशि एन. ई. एफ. टी. के माध्यम से सप्लायर फर्मो के खातों में अंतरित की गई । कुछ अन्य भुगतान भी इस योजना मद से नियम विरुद्ध किए गए। पी .एम. ए. वाय. योजना की कैशबुक में इन भुगतानों का इंद्राज भी नहीं किया गया। भंडार क्रय नियमों का घोर उल्लंघन कर गबन किया गया।

जांच प्रमाणित पाए जाने पर चारों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 172/23 दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के नेता बालकिशन धाकड़ ने ग्रामीण क्षेत्र जाकर गांव-गांव में पौधे किए वितरित





**सिंगोली। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सावन माह के पुरूषोत्तम मास में कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस के नेता बालकिशन धाकड ग्राम पंचायत किशनपुरा के गांव विजया तलाई स्कूल में पहुंचकर 30 पौधारोपण किया व स्कूलों में बच्चों की सुविधा व किसी प्रकार की कमी के बारे में जानकारी ली मध्याहन भोजन के समय बच्चों के साथ बैठकर चर्चा की और ग्राम वासियों को प्रत्येक परिवार को फलदार पौधे वितरित किए ताकि वातावरण के साथ-साथ पौधे की देखभाल भी की जा सके और बड़ा होने पर उससे गरीब परिवारों में कुछ आमदनी हो पाए इसलिए हर वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी फलदार पौधों में जामफल आंवला और नींबू के 300 पौधे वितरित किए और इसी कड़ी में 5000 पौधे वितरित करने का लक्ष्य रखा है आगे बताते हुए बालकिशन धाकड़ ने बताया प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में जितने वर्ष की आयु है कम से कम उतने पौधे लगाने चाहिए इसी ध्यान में रखते हुए स्कूल के बच्चों को भी पौधे वितरित किए ओर ने इस बात के लिए संकल्पित किया कि अपनी उम्र के साथ इन पौधों की देखभाल कर इन्हें भी बड़ा करें ताकि उनका उस पौधे से लगाओ रहे वह प्रकृति के प्रति प्रेम बने आज के समय हर घर में लकड़ी का उपयोग हो रहा है और उसकी वजह से लाखों की तादाद में रोज पेड़ काटे जा रहे हैं जितने पेड़ हम काट रहे हैं उतने ही वापिस नहीं लगाए तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ने की स्थिति पैदा होगी अगर हर व्यक्ति अपने जीवन में 100 पौधे भी लगाकर उनको बड़ा कर देता है तो यह संतुलन बना रहेगा पिछले वर्ष 700 पौधे लगाए थे जो आज बड़े होकर फल देने की स्थिति में आ गए उसके अलावा खेड़ा ग्राम पंचायत थड़ोद के स्कूल में भी पहुंच कर बच्चों को पौधे वितरित किए और स्कूल की छत से पानी टपकता है उसके इसकी जानकारी मिलने पर उच्च अधिकारी को अवगत कराया विजय तलाई में पानी की बहुत बड़ी समस्या है वहां पर 1600000 में नल जल योजना के तहत 5000 लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी के साथ दो नलकूप लगे हुए हैं लेकिन रखरखाव के अभाव में दोनों मोटर बंद है और ग्राम वासियों को पानी के लिए आसपास के खेतों में लगी टूवेल के ऊपर निर्भर रहना पड़ता है बारिश के समय की पानी की परेशानी है तो गर्मी के समय और हालत ज्यादा खराब होती है इसकी जानकारी मिलने पर उसका निराकरण कर जल्दी ही पानी की समस्या का समाधान करवाने आश्वासन दीया और संबंधित व्यक्ति को जल्दी समस्या को दूर करने के लिए अवगत कराया।

# दो व्यक्ति जिला बदर

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम ने उज्जैन जिले के दो व्यक्तियों को निरन्तर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से छह माह के लिये जिला बदर करने के आदेश जारी कर दिये हैं।

## जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती मीरा यादव पति स्व. श्री कैलाशचन्द यादव द्वारा कालूराम पिता लालूराम के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 217/1/3 रकबा 0.0300 है. स्थित ग्राम जयरामपुरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा तय किया है और इस संबंध में सौदा चिट्ठी का निष्पादन एवं सम्पादन भी मेरे पक्षकार के पक्ष में किया है और बयाने की राशि भी मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर दी गई है। उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था इत्यादि का भार, बोझ, हित, अधिकार, डिक्री, अटेचमेंट हो या इस विलय व्यवहार में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन और विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में अथवा उनके कहे अनुसार नाम से करवा लिया जावेगा एवं इस संबंध में कोई आपत्ति मेरे पक्षकारा के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित होवे।
इति दिनांक 0208.2023

श्रीमती सोनल त्रिवेदी
एड्व्होकेट
198, संजय नगर नानाखेड़ा
उज्जैन (म.प्र.)
मोबाइल -9827792688

# भाजपा V/S कांग्रेसः दोनों दलों में 50 से 60 प्रतिशत टिकट बदलेंगे

**नीमच(सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश में चल रहे सत्ता के संघर्ष में बाजी मारने के लिये सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस दोनों ही इस बार विधानसभा चुनाव में कतई कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती हैं। इसीलिये दोनों ही पार्टियां अपने दागी नेताओं या वर्तमान विधायकों में से 50 से 60 प्रतिशत के टिकट काट सकती है। टिकट कटने की संभावना से दोनों ही दलों में सुगबुगाहट है और यदि ऐसा हो गया तो इस बार विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक बागी उम्मीदवार भी मैदान में आ सकते हैं। इसीलिये कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों के विधायकों से लेकर चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं ने अन्य दलों से अपने रिश्ते बेहतर बनाने पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया हैं।

राज्य के विधानसभा चुनाव नवंबर 2023 में होने हैं, इसी कारण राज्य में राजनैतिक सरगर्मियां भी जोरों पर पहुंच गई हैं। कांग्रेस तो अपनी पहली सूची अगस्त माह के अंत में ही जारी करने की तैयारी में लगी है, ताकि प्रत्याशियों को जनता के बीच जाने का ज्यादा समय मिल सकें। इस सूची में लगभग 230 में से 140 प्रत्याशी घोषित होने की संभावना हैं। वहीं ठीक इसके उलट अभी भाजपा का टिकट के लिये संभावित नामों का कोई प्लान ही नहीं हुआ हैं। केवल इतना जरूर हैं कि भाजपा के बिग बोस केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह व अन्य नेता राज्य में चुनावी गरमाहट जरूर ले आये हैं। हालांकि प्रदेश में भाजपा से पहले कांग्रेस ने ताबड़तोड़ कार्यक्रम व बड़े नेताओं को बुलाकर भारी पड़ने की कोशिश की थी, लेकिन अब भजपा में कांग्रेस की तर्ज पर दिग्गजों के कार्यक्रमों व चुनावी घोषणाओं पर ध्यान दे रही हैं।

### 50 से 60 प्रतिशत नये चेहरे

भाजपा के अंदरूनी सूत्रों के मुकाबले राज्य विधानसभा में वर्तमान विधायकों व मंत्रियों की परफोरमेंस रिपोर्ट के आधार पर 50 से 60 प्रतिशत तक प्रत्याशी बदले जा सकते हैं। इसके लिये पार्टी और संघ से जुड़ी सर्वे कंपनियां वर्तमान विधायक या नेता के मुकाबले नये चेहरे तलाश रही है।

यहीं स्थिति कांग्रेस में है। कांग्रेस ने भी लगभग 50 प्रतिशत नये चेहरे संभावित तौर पर तलाशे हैं। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भाजपा से आगे हैं। उन्होंने अप्रैल-मई में ही अपनी सर्वे टीमों को लगाकर हर विधानसभा क्षेत्र की रिपोर्ट, संभावित प्रत्याशी, वर्तमान विधायकों व अन्य समीकरणों की जानकारी एकत्र कर ली हैं। जिसके आधार पर वह सर्वे रिपोर्टों से अपने आपको कान्फीडेंस में मान रहे हैं।




### भाजपा का गुजरात फार्मूले पर ज्यादा ध्यान

भाजपा विधानसभा चुनाव में गुजरात फार्मूले पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। इसके लिये गुजरात व यूपी के भाजपा नेता मध्यप्रदेश में हर विधानसभा क्षेत्र में लगा दिये गये हैं। पिछले दिनों इन दोनों राज्यों के संघ से जुड़े लोग हर विधानसभा क्षेत्र व वार्ड में संपर्क कर चुके हैं और राज्य में भी प्रधानमंत्री मोदी के नाम से सहयोग की अपीलें कर रहे हैं। वहीं यूपी के भाजपाई एमपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार के कामकाज की तारीफ कर सहयोग मांग चुके हैं।

### भाजपा ढीली नहीं पड़ेगी

शुरूआत में कांग्रेस को लग रहा था कि भाजपा सरकार पर हमले क रवह आक्रामक हो जायेगी। लेकिन भाजपा के कोर ग्रुप के सदस्यों ने स्थिति सम्हाल ली हैं। स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से लेकर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्रीद्वय नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा ने राज्य की भाजपा की स्थिति बेहतर रखने के लिये सतत कार्यकर्ताओं से संपर्क, दौरे बढ़ा दिये हैं। कुल मिलाकर भाजपा राज्य में पांचवीं बार सत्ता वापसी के लिये कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती तो कांग्रेस कमलनाथ सरकार के साथ हुई धोखाधड़ी पर सहानुभूति में सरकार की वापसी चाहती हैं।

# सम्पादकीय

## विकास और वन संरक्षण मे संतुलन

वन संरक्षण समय की जरूरत है। वन महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं जो भूमि के बड़े हिस्से को कवर किए हुए हैं। वनों से ही मानव को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है। जंगल वातावरण को संतुलित रखते हैं। वन्य प्रणियों को आश्रय इन्हीं से मिलता है। मनुष्य के दैनिक जीवन की चीजों की समुचित आपू?र्त में वनों का महत्वपूर्ण योगदान है। जीवन की छोटी-छोटी जरूरतें और आयुर्वेदिक औषधियां भी वनों से ही प्राप्त होती हैं। जंगल शुद्ध प्राण वायु देते हैं इसलिए मनुष्य और समस्त जीव-जंतुओं के लिए यह प्रकृति द्वारा प्रदत्त अमूल्य धरोहर है। वनों को काट-काट कर बस्तियां बसाने का परिणाम हम देख रहे हैं। वनों का क्षेत्रफल घट जाने से पर्यावरण को काफी नुक्सान पहुंच चुका है। अब हमें लगातार प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। वन संरक्षण का अर्थ वनों को विभिन्न कारकों द्वारा नष्ट होने से बचाना है। हाल ही में वन संरक्षण संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित ?कर दिया गया। इस विधेयक को लेकर दो मुख्य चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। पहली ि?चंता वनों की कानूनी परिभाषा को लेकर है। दूसरी चिंता वनों पर निर्भर समुदाय के अधिकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जंगल बचेंगे कैसे?वर्ष 1980 का वन संरक्षण अधिनियम अपने संरक्षणवादी रुख के लिए जाना जाता था जिससे वन संबंधी मंजूरी प्राप्त करना अधिक समय लेने वाला और महंगा हो गया था। हालांकि नये संशोधन अधिनियम के दायरे को 25 अक्तूबर 1980 के बाद केवल कानूनी रूप से अधिसूचित और सरकार द्वारा ि?चह्नित वनों तक सीमित करता है। 1996 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया था जिसने 1980 के अधिनियम के दायरे को 'वन' के व्यापक अर्थ तक बढ़ा दिया था। अर्थात अब केवल कानूनी रूप से वन के रूप में अधिसूचित क्षेत्रों की बजाय पेड़ों वाले क्षेत्र भी इसमें शामिल होंगे। वन संरक्षण संशोधन विधेयक अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के 100 किमी. के भीतर सुरक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे के लिए छूट प्रदान करता है। दुर्भाग्य से इसमें पूर्वोत्तर भारत के जंगलों और उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी जंगलों और घास के मैदानों जैसे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों को शामिल नहीं किया गया है जो अपनी जैव विविधता के लिए जाने जाते हैं। जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए इन संवेदनशील पारिस्थितिक तंत्रों को संरक्षित करना अवश्यक है। यह संशोधन चिड़ियाघर, सफारी पार्क और इको-पर्यटन सुविधाओं जैसी निर्माण परियोजनाओं के लिए छूट प्रदान करता है। यद्यपि कृत्रिम रूप से निर्मित हरित क्षेत्र प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का स्थान नहीं ले सकते, जो आवश्यक पारिस्थितिक तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके अलावा विधेयक केन्द्र सरकार को किसी भी वांछित उपयोग को निर्दिष्ट करने की अप्रतिबंधित शक्तियां प्रदान करता है जिससे उचित पर्यावरणीय जांच के बिना वन संसाधनों के संभावित दोहन के बारे में चिंताएं बढ़ जाती हैं। यह विधेयक मार्च महीने में 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति मई में जेपीसी द्वारा जनता के सुझाव आमंत्रित किए गये थे। समिति ने विधेयक में कोई बदलाव प्रस्तावित नहीं किया था। हालांकि विपक्ष के 6 सांसदों ने असहमति नोट दाखिल किया था। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में वन भूमि को अधिनियम के दायरे से छूट देने पर आपत्ति जताई थी जो विशेष रूप से हिमालय क्षेत्र में जैव? विविधता और वन कवरेज के लिए हानिकारक हो सकता है। इस विधेयक के कानून बन जाने से मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और मणिपुर के अत्यधिक संवेदनशील राज्यों के पूरे क्षेत्र को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के सतर्कता दायरे से ही बाहर कर दिया जाएगा। विशेषज्ञ बताते हैं कि प्रस्तावना के अनुसार, एफसीएबी का उद्देश्य कॉर्पोरेट के लिए मार्ग प्रशस्त करना और वाणिज्यिक उपयोग के लिए वन भूमि को खोलना है लेकिन पूर्वोत्तर क्षेत्र जो पांच देशों से घिरा है और अवर्गीकृत वन श्रेणी के तहत सबसे बड़ा क्षेत्र है, की तुलना में कहीं भी इसका इतना व्यापक प्रभाव नहीं होने वाला है। यह क्षेत्र एक जैव-विविधता हॉटस्पॉट के रूप में मान्यता प्राप्त है। वन संरक्षण के लिए आवाज उठाने वालों का कहना है कि सख्त मंजूरी नियमों के बिना इन नाजुक पहाड़ों पर परियोजनाओं और बुनियादी ढांचे के निर्माण की अनुमति देना, मौजूदा पारिस्थितिकी तंत्र को और भी अधिक खतरे में डाल देगा। उन्होंने कहा कि जहां एफसीएबी पूरे देश को प्रभावित करेगा वहीं पूर्वोत्तर राज्यों को इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा क्योंकि एफसी एक्ट 1980 के सुरक्षात्मक आवरण को ही हटाने का प्रस्ताव है।÷नए कानून में, यदि अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के 100 किलोमीटर के भीतर 'राष्ट्रीय सुरक्षा' और 'राष्ट्रीय महत्व' से संबंधित किसी भी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए साइटों के रूप में वन भूमि को चुना जाता है तो उसे मौजूदा एफसी एक्ट 1980 के दायरे से बाहर करने की मांग की गई है। इसका मतलब है कि मिजोरम, नगालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा पूरे के पूरे राज्य प्रभावित होंगे क्योंकि इन राज्यों का भौगोलिक आकार अंतर्राष्ट्रीय सीमा के किसी भी बिंदु से की गई गणना में 100 किलोमीटर से अधिक नहीं है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन चिंताओं के बावजूद वन कानूनों को लेकर अधिकारी विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन कैसे बनाते हैं। हालांकि केन्द्र सरकार ने बार-बार यह कहा है कि वन अधिकारी अधिनियम का उल्लंघन नहीं होने देगा। सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा को भी देखना है और विकास को भी।

## योगेश्वर श्रीकृष्ण द्वारा वर्णित, साक्षीस्वरूप अवस्था सहजयोग में संभव है



सहज योग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के अनुसार श्री कृष्ण जो हमारे शरीर में विशुद्धि चक्र के स्वामी हैं, श्री विष्णु शक्ति का पूर्ण अवतार हैं। भगवान श्री कृष्ण का मुख्य संदेश है साक्षीभाव की जागृति। यह संदेश जितना सरल दिखाई देता है उतना ही कठिन है। एक आत्मज्ञानी व्यक्ति ही इस संदेश की गूढ़ता को सही रूप में समझ सकता है। जब तक व्यक्ति को आत्मा का ज्ञान नहीं होता वह मस्तिष्क पर नियंत्रण नहीं कर सकता, और हमारा मस्तिष्क सोचता चला जाता है तथा अपने चारों ओर माया का फंदा बनाता जाता है और उसमें स्वयं ही फंसता जाता है। इस प्रकार हम साक्षी स्वरुप होने के भाव से कोसों दूर हो जाते हैं। श्री माताजी के अनुसार, यह सब खेल है अर्थात हमें इस नाटक का दर्शक बनना है, माया में हमें खो नहीं जाना है। आप यदि दर्शक हैं तो माया और उसकी कार्यशैली को देख सकते हैं। इस साक्षी भाव को विकसित करने के लिए श्री माताजी ने हमें प्रतिक्रिया ना करने का मार्ग सुझाया है। आज के दौर में जब हम तमाम सोशल प्लेटफॉर्म्स से जुड़े हुए हैं छोटी-छोटी बातों या घटनाओं पर तीव्र प्रतिक्रिया करना हम अपना अधिकार मान बैठे हैं। प्रतिक्रियाओं के द्वारा हम अपने मन को इतना उलझा देते हैं कि हमारी निर्णय करने की शक्ति क्षीण हो जाती है। श्री माताजी के अनुसार, मनुष्य प्रतिक्रिया तभी करता है जब उसका परमात्मा से संबंध विच्छेद हो जाता है। श्री माताजी के समक्ष जब आप आत्म साक्षात्कार को प्राप्त कर लेते हैं तब आप परमात्मा की परम चैतन्यता को अनुभव कर पाते हैं और साक्षी भाव को भी प्राप्त कर लेते हैं। श्री माताजी कहती हैं कि बिना बोले, बिना कुछ कहे साक्षी अवस्था में आप शक्तिशाली हो जाते हैं तथा अनेक समस्याओं को सहज ही सुलझा पाते हैं। साक्षी अवस्था मानसिक स्थिति नहीं है अपितु यह आध्यात्मिक उत्थान की अवस्था है। एक बार जब आप बाह्य चीजों के प्रति प्रतिक्रिया करना बंद कर देते हैं तो अंतस में प्रतिक्रिया होती है और अंतर्दर्शन प्रारंभ हो जाता है। साक्षी अवस्था में रहने वाले लोगों में कई रोचक परिवर्तन दिखाई देने लगते हैं उनकी स्मरण शक्ति का ह्रास कम हो जाता है, वे हर देखी हुई चीज की बारीकियों को बता सकते हैं, समस्याओं के सही समाधान ढूंढने में सक्षम हो जाते हैं, माया का प्रभाव ऐसे व्यक्तियों पर नहीं होता तथा वे सदैव आनंद की स्थिति में रहते हैं। आनंद की साक्षी अवस्था को प्राप्त करने हेतु सहज योग महत्वपूर्ण माध्यम है।अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी आप टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइटU sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# आईये जानते हैं रुद्राभिषेक पाठ का लाभ एवं इसके भेद

## शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

पूरा संसार अपितु पाताल से लेकर मोक्ष तक जिस अक्षर की सीमा नही ! ब्रम्हा आदि देवता भी जिस अक्षर का सार न पा सके उस आदि अनादी से रहित निर्गुण स्वरुप ? के स्वरुप में विराजमान जो अव्दितीय शक्ति भूतभावन कालो के भी काल गंगाधर भगवान महादेव को प्रणाम करते है ।

अपितु शास्त्रों और पुराणो में पूजन के कई प्रकार बताये गए है लेकिन जब हम शिव लिंग स्वरुप महादेव का अभिषेक करते है तो उस जैसा पुण्य अश्वमेघ जैस यग्ज्ञो से भी प्राप्त नही होता !

## स्वयं श्रृष्टि कर्ता ब्रह्मा ने भी कहा है

की जब हम अभिषेक करते है तो स्वयं महादेव साक्षात् उस अभिषेक को ग्रहण करने लगते है । संसार में ऐसी कोई वस्तु , कोई भी वैभव , कोई भी सुख , ऐसी कोई भी वस्तु या पदार्थ नही है जो हमें अभिषेक से प्राप्त न हो सके ! वैसे तो अभिषेक कई प्रकार से बताये गये है ।

**लेकिन मुख्यत: पांच ही प्रकार है !**

(1) रूपक या षड पाठ - रूद्र के छः अंग कहे गये है इन छह अंग का यथा विधि पाठ षडंग पाठ कहा गया है।

**शिव कल्प सूक्त- प्रथम हृदय रूपी अंग है**
**पुरुष सूक्त- द्वितीय सर रूपी अंग है ।**
**उत्तरनारायण सूक्त- शिखा है।**
**अप्रतिरथ सूक्त- कवचरूप चतुर्थ अंग है ।**
**मैत्सुक्त-नेत्र रूप पंचम अंग कहा गया है ।**
**शतरुद्रिय- अस्तरूप षष्ठ अंग कहा गया है।**

**इस प्रकार**-सम्पूर्ण रुद्राष्टाध्यायी के दस अध्यायों का षडडंग रूपक पाठ कहलाता है षडंग पाठ में विशेष बात है की इसमें आठवें अध्याय के साथ पांचवे अध्याय की आवृति नही होती है कर्मकाण्डी भाषा मे इसे ही नमक-चमक से अभिषेक करना कहा जाता है।

**(2) रुद्री या एकादशिनि** - रुद्राध्याय की ग्यारह आवृति को रुद्री या एकादिशिनी कहते है रुद्रो की संख्या ग्यारह होने के कारण ग्यारह अनुवाद में विभक्त किया गया है।

**(3) लघुरुद्र**- एकादशिनी रुद्री की ग्यारह अव्रतियों के पाठ को लघुरुद्र पाठ कहा गया है।

यह लघु रूद्र अनुष्ठान एक दिन में ग्यारह ब्राह्मणों का वरण करके एक साथ संपन्न किया जा सकता है। तथा एक ब्राह्मण द्वारा अथवा स्वयं ग्यारह दिनों तक एक एकादशिनी पाठ नित्य करने पर भी लघु रूद्र संपन्न होता है।

**(4) महारुद्र** -लघु रूद्र की ग्यारह आवृति अर्थात एकादशिनी रुद्री की 121 आवृति पाठ होने पर महारुद्र अनुष्ठान होता है । यह पाठ ग्यारह ब्राह्मणों द्वारा 11 दिन तक कराया जाता है।

**(5) अतिरुद्र** - महारुद्र की 11 आवृति अर्थात एकादिशिनी रुद्री की 1331 आवृति पाठ होने से अतिरुद्र अनुष्ठान संपन्न होता है ये

(1) अनुष्ठात्मक (2) अभिषेकात्मक (3) हवनात्मक,तीनो प्रकार से किये जा सकते है शास्त्रों में इन अनुष्ठानो का अत्यधिक फल है व तीनो का फल समान है।

रुद्राष्टाध्यायी के प्रत्येक अध्याय में - प्रथमाध्याय का प्रथम मन्त्र गणानां त्वा गणपति गुम हवामहे बहुत ही प्रसिद्ध है । यह मन्त्र ब्रह्मणस्पति के लिए भी प्रयुक्त होता है। द्वितीय एवं तृतीय मन्त्र मे गायत्री आदि वैदिक छन्दों तथा छन्दो में प्रयुक्त चरणो का उल्लेख है । पाँचवे मन्त्र यज्जाग्रतो से सुषारथि पर्यन्त का मन्त्रसमूह शिवसंकल्पसूक्त कहलाता है। इन मन्त्रों का देवता मन है इन मन्त्रो में मन की विशेषताएँ वर्णित हैं। परम्परानुसार यह अध्याय गणेश जी का है।

द्वितीयाध्याय मे सहस्त्रशीर्षा पुरुषः से यज्ञेन यज्ञमय तक 16 मन्त्र पुरुषसूक्त से है, इनके नारायण ऋषि एवं विराट पुरुष देवता है। 17 वे मन्त्र अद्भ्यः सम्भृतः से श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च ये छः मन्त्र उत्तरनारायणसूक्त रुप मे प्रसिद्ध है।

द्वितीयाध्याय भगवान विष्णु का माना गया है।ड्डपंडित सतीश नागर उज्जैन तृतीयाध्याय के देवता देवराज इन्द्र है तथा अप्रतिरथ सूक्त के रुप मे प्रसिद्ध है। कुछ विद्वान आशुः शिशानः से अमीषाज्चित्तम् पर्यन्त द्वादश मन्त्रो को स्वीकारते हैं तो कुछ विद्वान अवसृष्टा से मर्माणि ते पर्यन्त 5 मन्त्रो का भी समावेश करते है। इन मन्त्रो के ऋषि अप्रतिरथ है। इन मन्त्रो द्वारा इन्द्र की उपासना द्वारा शत्रुओ स्पर्शाधिको का नाश होता है।

प्रथम मन्त्र 'ऊँ आशुः शिशानो .... का अर्थ देखें त्वरा से गति करके शत्रुओ का नाश करने वाला, भयंकर वृषभ की तरह, सामना करने वाले प्राणियों को क्षुब्ध करके नाश करने वाला। मेघ की तरह गर्जना करने वाला। शत्रुओं का आवाहन करने वाला, अति सावधान, अद्वितीय वीर, एकाकी पराक्रमी, देवराज इन्द्र शतशः सेनाओ पर विजय प्राप्त करता है।

चतुर्थाध्याय मे सप्तदश मन्त्र है जो मैत्रसूक्त के रुप मे प्रसिद्ध है। इन मन्त्रो मे भगवान सूर्य की स्तुति है ऊँ आकृष्णेन रजसा मे भुवनभास्कर का मनोरम वर्णन है। यह अध्याय सूर्यनारायण का है ।

पंचमाध्याय मे 66 मन्त्र है यह अध्याय प्रधान है, इसे शतरुद्रिय कहते है। शतसंख्यात रुद्रदेवता अस्येति शतरुद्रियम्। इन मन्त्रो मे रुद्र के शतशः रुप वर्णित है। कैवल्योपनिषद मे कहा गया है कि शतरुद्रिय का अध्ययन से मनुष्य अनेक पातको से मुक्त होकर पवित्र होता है। इसके देवता महारुद्र शिव है।

षष्ठाध्याय को महच्छिर के रुप मे माना जाता है। प्रथम मन्त्र मे सोम देवता का वर्णन है। प्रसिद्ध महामृत्युञ्जय मन्त्र 'ऊँ त्र्यम्बकं यजामह' इसी अध्याय मे है। इसके देवता चन्द्रदेव है। सप्तमाध्याय को जटा कहा जाता है । उग्रश्चभीमश्च मन्त्र मे मरुत् देवता का वर्णन है। इसके देवता वायुदेव है। अष्टमाध्याय को चमकाध्याय कहा जाता है । इसमे 29 मन्त्र है। प्रत्येक मन्त्र मे च कार एवं में का बाहुल्य होने से कदाचित चमकाध्याय अभिधान रखा गया है । इसके ऋषि देव स्वयं है तथा देवता अग्नि है। प्रत्येक मन्त्र के अन्त मे यज्ञेन कल्पन्ताम् पद आता है।

रुद्री के उपसंहार मे ऋचं वाचं प्रपद्ये इत्यादि 24 मन्त्र शान्तयाध्याय के रुप मे एवं स्वस्ति न इन्द्रो इत्यादि 12 मन्त्र स्वस्ति प्रार्थना के रुप मे प्रसिद्ध है।

**-रुद्राभिषेक प्रयुक्त होने वाले प्रशस्त द्रव्य व उनका फल**

1. जलसे रुद्राभिषेक -- वृष्टि होती है
2. कुशोदक जल से -- समस्त प्रकार की व्याधि की शांति
3. दही से अभिषेक -- पशु प्राप्ति होती है
4. इक्षु रस -- लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए
5. मधु (शहद)-- धन प्राप्ति के लिए यक्ष्मारोग (तपेदिक)।
6. घृत से अभिषेक व तीर्थ जल से भी -- मोक्ष प्राप्ति के लिए।
7. दूध से अभिषेक -- प्रमेह रोग के विनाश के लिए -पुत्र प्राप्त होता है ।
8. जल की धारा भगवान शिव को अति प्रिय है अत-ज्वर के कोपो को शांत करने के लिए जल धरा से अभिषेक करना चाहिए।
9. सरसों के तेल से अभिषेक करने से शत्रु का विनाश होता है।यह अभिषेक विवाद मकदमे सम्पति विवाद न्यालय में विवाद को दूर करते है।
10.शक्कर मिले जल से पुत्र की प्राप्ति होती है ।
11. इतर मिले जल से अभिषेक करने से शरीर की बीमारी नष्ट होती है ।
12. दूध से मिले काले तिल से अभिषेक करने से भगवन शिव का आधार इष्णन करने से सारे रोग व सारे शत्रु पर विजय प्राप्त होती है ।
13.समस्त प्रकार के प्रकृतिक रसो से अभिषेक हो सकता है ।

सार --उप्युक्त द्रव्यों से महालिंग का अभिषेक पर भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होकर भक्तो की तदन्तर कामनाओं का पूर्ति करते है ।

अतः भक्तो को यजुर्वेद विधान से रुद्रो का अभिषेक करना चाहिए ।

विशेष बात - रुद्राध्याय के केवल पाठ अथवा जप से ही सभी कम्नावो की पूर्ति होती है

रूद्र का पाठ या अभिषेक करने या कराने वाला महापातक रूपी पंजर से मुक्त होकर सम्यक ज्ञान प्राप्त होता है और अंत विशुद्ध ज्ञान प्राप्त करता है ।

**श्रावण मास में पारदशिवलिंग पूजन का महत्व**

वैदिक रीतियों में, पूजन विधि में, समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति में पारद से बने शिवलिंग एवं अन्य आकृतियों का विशेष महत्त्व होता है। पारद जिसे अंग्रेजी में एलम **(द्यह्वद्द)** भी कहते हैं , एक तरल पदार्थ होता है और इसे ठोस रूप में लाने के लिए विभिन्न अन्य धातुओं जैसे कि स्वर्ण, रजत, ताम्र सहित विभिन्न जड़ी-बूटियों का प्रयोग किया जाता है। इसे बहुत उच्च तापमान पर पिघला कर स्वर्ण और ताम्र के साथ मिला कर, फिर उन्हें पिघला कर आकार दिया जाता है।

पारद को भगवान् शिव का स्वरूप माना गया है और ब्रह्माण्ड को जन्म देने वाले उनके वीर्य का प्रतीक भी इसे माना जाता है। धातुओं में अगर पारद को शिव का स्वरूप माना गया है तो ताम्र को माँ पार्वती का स्वरूप। इन दोनों के समन्वय से शिव और शक्ति का सशक्त रूप उभर कर सामने आ जाता है। ठोस पारद के साथ ताम्र को जब उच्च तापमान पर गर्म करते हैं तो ताम्र का रंग स्वर्णमय हो जाता है। इसीलिए ऐसे शिवलिंग को सुवर्ण रसलिंग भी कहते हैं

पारद के इस लिंग की महिमा का वर्णन कई प्राचीन ग्रंथों में जैसे कि रूद्र संहिता, पारद संहिता, रस्मर्तण्ड ग्रन्थ, ब्रह्म पुराण, शिव पुराण आदि में पाया गया है।

योग शिखोपनिषद ग्रन्थ में पारद के शिवलिंग को स्वयंभू भोलेनाथ का प्रतिनिधि माना गया है। इस ग्रन्थ में इसे महालिंग की उपाधि मिली है और इसमें शिव की समस्त शक्तियों का वास मानते हुए पारद से बने शिवलिंग को सम्पूर्ण शिवालय की भी मान्यता मिली है।

इसका पूजन करने से संसार के समस्त दोषों से मुक्ति मिल जाती है। कई जन्मों के पापों का उद्धार हो जाता है। इसके दर्शन मात्र से समस्त परेशानियों का अंत हो जाता है। ऐसे शिवलिंग को समस्त शिवलिंगों में सर्वोच्च स्थान मिला हुआ है और इसका यथाविधि पूजन करने से मानसिक, शारीरिक, तामसिक या अन्य कई विकृतियां स्वतः ही समाप्त हो जाती हैं। घर में सुख और समृद्धि बनी रहती है।

पौराणिक ग्रंथों में जैसे कि रस रत्न समुच्चय में ऐसा माना गया है कि 100 अश्वमेध यज्ञ, चारों धामों में स्नान,

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

कई किलो स्वर्ण दान और एक लाख गौ दान से जो पुण्य मिलता है वो बस पारे के बने इस शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही उपासक को मिल जाता है।

अगर आप अध्यात्म पथ पर आगे बढ़ना चाहते हों, योग और ध्यान में आपका मन लगता हो और मोक्ष की प्राप्ति की इच्छा हो तो आपको पारे से बने शिव लिंग की उपासना करनी चाहिए। ऐसा करने से आपको मोक्ष की प्राप्ति भी हो जाती है।

पारद एक ऐसा शुद्ध पदार्थ माना गया है जो भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है। इसकी महिमा केवल शिवलिंग से ही नहीं बल्कि पारद के कई और अचूक प्रयोगों के द्वारा भी मानी गयी है।

धातुओं में सर्वोत्तम पारा अपनी चमत्कारिक और हीलिंग प्रॉपर्टीज के लिए वैज्ञानिक तौर पर भी मशहूर है।

पारद के शिवलिंग को शिव का स्वयंभू प्रतीक भी माना गया है। रूद्र संहिता में रावण के शिव स्तुति की जब चर्चा होती है तो पारद के शिवलिंग का विशेष वर्णन मिलता है। रावण को रस सिद्ध योगी भी माना गया है, और इसी शिवलिंग का पूजन कर उसने अपनी लंका को स्वर्ण की लंका में बदला था।

कुछ ऐसा ही वर्णन बाणासुर राक्षस के लिए भी माना जाता है। उसे भी पारे के शिवलिंग की उपासना के तहत अपनी इच्छाओं को पूर्ण करने का वर प्राप्त हुआ था।

ऐसी अद्भुत महिमा है पारे के शिवलिंग की। आप भी इसे अपने घर में स्थापित कर घर में समस्त दोषों से मुक्त हो सकते हैं। लेकिन ध्यान अवश्य रहे कि साथ में शिव परिवार को भी रख कर पूजन करें।

पंडित सतीश नागर उज्जैन

पारद के कुछ अचूक उपायों का विवरण निम्नलिखित है, जिन्हें आप स्वयं प्रयोग कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति कर सकते हैं:-

1. अगर आप अध्यात्म पथ पर आगे बढ़ना चाहते हों, योग और ध्यान में आपका मन लगता हो और मोक्ष के प्राप्ति की इच्छा हो तो आपको पारे से बने शिवलिंग की उपासना करनी चाहिए। ऐसा करने से आपको मोक्ष की प्राप्ति भी हो जाती है।

2. अगर आपको जीवन में कष्टों से मुक्ति नहीं मिल रही हो, बीमारियों से आप ग्रस्त रहते हों, लोग आपसे विश्वासघात कर देते हों, बड़ी-बड़ी बीमारियों से ग्रस्त हों तो पारद के शिवलिंग को यथाविधि शिव परिवार के साथ पूजन करें। ऐसा करने से आपकी समस्त परेशानियां ख़त्म हो जाएंगी और बड़ी से बड़ी बीमारियों से भी मुक्ति मिल जाएगी।

3. अगर आपको धन सम्पदा की कमी बनी रहती है तो आपको पारे से बने हुए लक्ष्मी और गणपति को पूजा स्थान में स्थापित करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि जहां पारे का वास होता है वहां माँ लक्ष्मी का भी वास हमेशा रहता है। उनकी उपस्थिति मात्र से ही घर में धन लक्ष्मी का हमेशा वास रहता है।

4. अगर आपके घर में हमेशा अशांति, क्लेश आदि बना रहता हो, अगर आप को नींद ठीक से नहीं आती हो, घर के सदस्यों में अहंकार का टकराव और वैचारिक मतभेद बना रहता हो तो आपको पारद निर्मित एक कटोरी में जल डाल कर घर के मध्य भाग में रखना चाहिए। उस जल को रोज़ बाहर किसी गमले में डाल दें। ऐसा करने से धीरे-धीरे घर में सदस्यों के बीच में प्रेम बढ़ना शुरू हो जाएगा और मानसिक शान्ति की अनुभूति भी होगी।

पारद को पाश्चात्य पद्धति में उसके गुणों की वजह से Philospher's stone भी बोला जाता है। आयुर्वेद में भी इसके कई उपयोग हैं।

5. अगर आप उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, हृदय रोग से परेशान हैं, या फिर अस्थमा, डायबिटीज जैसी जानलेवा बीमारियों से ग्रसित हैं तो आपको पारद से बना मणिबंध जिसे कि ब्रेसलेट भी कहते हैं, अच्छे शुभ मुहूर्त में पहननी चाहिए। ऐसा करने से आपकी बीमारियों में सुधार तो होगा ही आप शान्ति भी महसूस करेंगे और रोगमुक्त भी हो जाएंगे।

पारे के शिवलिंग के पूजन की महिमा तो ऐसी है कि उसे बाणलिंग से भी उत्तम माना गया है। जीवन की समस्त समस्याओं के निदान के लिए पारद के उपयोग एवं इससे सम्बंधित उपाय अत्यंत प्रभावशाली हैं। यदि इनका आप यथाविधि अभिषेक कर, पूर्ण श्रद्धा से पूजन करेंगे तो जीवन में सुख और शान्ति अवश्य पाएंगे।

## क्या लेकर आया है 12 राशियों के लिए 02 अगस्त का दिन, पढ़ें राशिफल

मेष राशिआज का राशिफल- धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

**उपाय-आज केले का पौधा घर लेकर आएं और पूजा करें।**

**शुभ अंक-4 शुभ रंग-लाल**

वृषभ राशिआज का राशिफल- वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

**उपाय-पक्षियों को अनाज डालें।**

**शुभ अंक-1शुभ रंग-सफेद**

**मिथुन राशिआज का राशिफल**-शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**उपाय-आज किसी गणेश मंदिर में 5 मिनट ध्यान लगाकर बैठें।**

**शुभ अंक-2शुभ रंग-पीला**

**कर्क राशिआज का राशिफल**- लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**उपाय-आज दक्षिण पूर्व में मनी प्लांट वाला पॉट रखें।**

**शुभ अंक-6शुभ रंग-स्लेटी**

**सिंह राशिआज का राशिफल**- रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**उपाय-अपने आप को फोकस रखने के लिए आज कुछ देर ध्यान का सहारा लें।**

**शुभ अंक-7शुभ रंग-प्याजी रंग**

**कन्या राशिआज का राशिफल**-अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

**उपाय-आज समृद्धि के लिए अपने बटुए में सूखी तुलसी रखें।शुभ अंक-1शुभ रंग-हरा**

**तुला राशिआज का राशिफल**- बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**उपाय-समृद्धि के लिए तुलसी का पौधा लगाए।**

**शुभ अंक-5शुभ रंग-हरा**

**वृश्चिक राशिआज का राशिफल**- नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**उपाय-आज समृद्धि के लिए जायफल को अपने साथ रखें।**

**शुभ अंक-9शुभ रंग-नारंगी**

**धनु राशिआज का राशिफल**-बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**उपाय-आज धन के लिए लाल रंग की चीजें पहनें।शुभ अंक-9शुभ रंग-लाल**

**मकर राशि**

**आज का राशिफल-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**उपाय-काम बढाने के लिए अपने गैजेट को अपनी बाईं ओर रखें।शुभ अंक-3शुभ रंग-ग्रे**

**कुंभ राशिआज का राशिफल-** भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**उपाय-आज सफलता के लिए काम की टेबल पर एक घोड़े की एक मूर्ति रखें।शुभ अंक-3शुभ रंग-काला**

**मीन राशिआज का राशिफल-** धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें।

**उपाय-आज धन के लिए तीन चीनी सिक्कों को ले।शुभ अंक-5**

**शुभ रंग-नारंगी**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

## मानव

*छुपा हुआ है एक आग*
*हर मानव के अंदर,*
*पता नहीं क्यों सुलग नहीं पाता,*
*जब जरूरत होती है उस आग की,*
*छुपा हुआ होता है एक ज्वालामुखी*
*हर मानव के अंदर,*

*पता नहीं क्यों विस्फोट नहीं हो पाता,*
*निकल नहीं पाता*
*बहाकर ले जाने के लिए लावा,*
*जिसमें क्षमता होती है*
*बहुत बड़े बदलाव की,*
*पता नहीं क्यों नहीं उठ पाता सुनामी*
*हर मानव के अंदर,*
*जो रखती है*
*तहस नहस कर देने की क्षमता,*
*और बदल सकती है परत जमी तस्वीर,*

*कुछ नया दिखाने के लिए,*
*हर मानव के अंदर होता है*
*निर्माण एवं विध्वंस।*

***-राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़***

## क्षणिकाएं

***पहचान***
*जिस दिन*
*नैतिकता की तराजू में*
*आदमी खरा उतरेगा*
*उस दिन स्वयं*
*वह अपनी पहचान कायम करेगा*

***भाईचारा***
*वे आपस में*
*भाईचारा निभाते हैं*
*मगर एक दूसरे का*
*चारा चरने में*
*ज़रा भी नहीं शरमाते हैं*

***नखरे***
*आदमी-आदमी से नहीं*
*कुत्तों से ज़्यादा*
*प्यार जताने लगा हैं*
*अत: उसके हर नखरे*
*उठाने लगा हैं*

***औछे करम***
*अब आदमी-आदमी पर*
*करता नहीं रहम*
*हो गये है कितने*
*उसके औछे करम*
*जिस थाली में*
*वो खाता हैं*
*उसमें छेद करने में*
*उसको मजा आता हैं*

***-रमेश मनोहरा***

## ||राही||

*कआगे बढ़ते जाना*
*राह दिखे काँटे*
*मत वापस तुम आना।।*

*हँस के जीना होगा*
*जन्म लिए गर तो*
*विष भी पीना होगा।।*

*आँखों में हो सपने*
*साथ नहीं देते*
*छल करते हैं अपने।।*

*कल की छोड़ो बातें*
*त्याग चलो चिंता*
*मधुरम होंगी रातें।।*

*मिलना तुमको माटी*
*कर्म करो ऐसा*
*याद रहें परिपाटी।।*

*-प्रिया देवांगन प्रियू*



**हर वर्ग के विकास के लिए काम करती है भाजपा-सिसोदिया**

# शाजापुर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर मंगलवार को गांधीहाल में शाजापुर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ आगामी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने का संकल्प लिया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने बताया कि शाजापुर विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राजपालसिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने सभी वर्गो का विकास करने का काम किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश के मुखिया शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सभी वर्गो का विकास हो रहा है। कांग्रेस के किसी भी व्यक्ति के सामने चुप रहने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि भाजपा ने इतना विकास किया और इतनी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक को लाभान्वित किया है कि हम कांग्रेस को मुंह तोड़ जवाब दे सकते है। सर्वश्रेष्ठ संगठन, सर्वश्रेष्ठ नेता और सर्वश्रेष्ठ सरकार हमारे पास है। उन्होंने कहा कि बहनो के लिए प्रदेश के मुखिया श्री चौहान ने लाडली बहना योजना के माध्यम से बहनो के जीवन मे खुशहाली लाई है। मुख्य अतिथि मप्र शासन के स्कूली शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि 2003 के पहले का मध्यप्रदेश और 2014 के पहले का भारत कैसा था यह सब जानते है। देश से विकास कोसो दूर था और मध्यप्रदेश बिजली और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से जूझता था, लेकिन प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही इन समस्याओं को जड़ से खत्म करने का काम हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि संकल्प शक्ति के कारण आज मध्यप्रदेश में विकास हो रहा है और संकल्प शक्ति के कारण ही जिले में कमल का फूल खिलाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक ने कहा कि कार्यकर्ताओ में अपार उत्साह है और इसी उत्साह के साथ हम विधानसभा चुनाव लडेंगे और जिले की तीनों विधानसभा में भाजपा का परचम फहराने के साथ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम चंद्रवशी, पूर्व विधायक अरुण भीमावद, महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य माधवी भूता, जिला महामंत्री विजय बैंस, दिनेश शर्मा, संतोष बराड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी, मक्सी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष मोडसिंह लोधी भी मंचासीन रहे। संचालन प्रदीप चंद्रवंशी ने किया तथा आभार किरण ठाकुर ने माना।

**पट्टे की जमीन की फसल को कीटनाशक से कर दिया नष्ट**

# किसानों को हुआ लाखों का नुकसान, पुलिस और तहसीलदार को शिकायत कर की कार्यवाही की मांग

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। शासन से मिली 10 बीघा पट्टे की जमीन पर आश्रित होकर दो परिवार अपना पालन-पोषण कर रहे थे। जो बदमाशों को रास नहीं आई और उन्होंने फसल पर जहरीला कीटनाशक डालकर उसे नष्ट कर दिया, जिसमें फसल का एक बीज भी शेष नहीं बचा। पीड़ितों ने इसकी शिकायत कोतवाली व तहसीलदार को करते हुए कार्यवाही की मांग की है।**

ग्राम खांखरी निवासी ओंकारलाल पिता देवा जी को शासन से 10 बीघा जमीन पट्टे पर मिली थी। इसमें से 5 बीघा उसकी और 5 बीघा उसकी बहन कमला बाई के पास थी जो साथ में मिलकर खेती कर रहे थे। इस बार दोनो ने जमीन पर सोयाबीन की फसल बोई थी और इस फसल को तैयार करने के लिए अब तक दोनो परिवार लाखों खर्च कर सुनहरे भविष्य का सपना देख रहे थे। लेकिन किसान के सपने को अज्ञात बदमाशों की नजर लग गई और उन्होंने फसल पर जहरीला कीटनाशक डाल दिया जिससे फसल देखते ही देखते नष्ट हो गई। यहां तक कि उसके लिए जो बीज बोए गए थे वह भी पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं, जिनके दोबारा अंकुरित होने की भी कोई संभावना नहीं है। किसान ओंकारलाल ने बताया कि अब उसे दोबारा बोवनी करना पड़ेगी लेकिन उतना भी समय नहीं है। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने उन्हें लाखों का नुकसान दिया है, जिनके खिलाफ कार्यवाही होना चाहिए। इसक लिए उन्होंने लालघाटी पुलिस सहित तहसीलदार को शिकायती आवेदन सौंपकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## 76 वर्ष की वृद्ध महिला के लिए कलेक्टर ने 5 हजार रूपये का चैक भेंट किया

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज जनसुनवाई के दौरान शुजालपुर तहसील के ग्राम उन्चोद के निवासी श्री अर्जुन ने जनसुनवाई में आकर अपनी समस्या से कलेक्टर श्री किशोर कन्याल को अवगत कराते हुए बताया कि उसकी माताजी 76 वर्षीय श्रीमती प्रेमबाई सेन विधवा पति स्व. श्री धुलजी वृद्ध तथा लकवा ग्रस्त है एवं उनसे कोई काम नही होता है। इस कारण उसके पुत्र अर्जुन ने आर्थिक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया।इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने तत्काल चैक बुक बुलाकर जिला रेडक्रास सोसायटी से वृद्ध महिला श्रीमती प्रेमबाई सेन के लिए उसके पुत्र अर्जुन को 5 हजार रूपये का चैक भेंट किया तथा कलेक्टर ने अर्जुन को वृद्ध माता जी की सेवा एवं देखभाल करने के लिए भी कहा। इस पर अर्जुन ने कलेक्टर श्री कन्याल को हृदय से धन्यवाद दिया।

# लाखों की चोरी को अंजाम देने वाले पांच आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**»»आरोपियों ने कबूली कृषि उपज मंडी, महर्षि विद्या मंदिर की वारदात »»पुलिस ने वसूला 2 लाख से अधिक का मशरूका**



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने महर्षि विद्या मंदिर और कृषि उपज मंडी से लाखों का माल चुराया था। पुलिस ने इनके कब्जे से 2 लाख से अधिक का मशरूका भी जब्त किया है। फिलहाल इनका एक साथी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस द्वारा शहर में हुई चोरियों के खुलासे के लिए प्रयास किए जा रहे थे। इसके लिए एसपी के निर्देशन में तथा एएसपी व एसडीओपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 15 दिवस पहले महर्षि विद्या मंदिर बेरछा रोड से चोरी हुए टीन की चद्दर व गाडर चोरी करने वाले संदेही तालाबडेरा रोड पर खडे है। इस पर तालाबडेरा रोड से संदेही आरोपी दिनेश पिता भेरूलाल सूर्यवंशी निवासी तालाबडेरा रोड, राहुल पिता मांगीलाल सूर्यवंशी निवासी तालाबडेरा रोड, धर्मेन्द्र पिता अंतरसिंह डोडिया निवासी ग्राम बमोरी 4. मोहन पिता शंकरलाल गुर्जर निवासी गोपीपुर, सिद्धू उर्फ विवेक जाटव को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गई जिसमें उक्त आरोपीगण द्वारा अपने अन्य एक साथी सनम उर्फ जितेन्द्र मिलाला के साथ मिलकर महर्षि विद्या मंदिर बेरछा रोड से 25 टीन की चद्दर, 4 गाडर कीमती 70000, टुकराना जोड स्थित गोडाउन से लहसुन के 15 कटटे कीमती 80000 रूपये तालाबडेरा रोड स्थित खेत से 112 लोहे की एंगल कीमती 48000, कृषि उपज मंडी के पीछे से 03 लोहे के दरवाजे कीमती 20000, रूपये के चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उक्त चोरी का माल धर्मेन्द्र पिता अंतर सिंह डोडिया के लोडिंग ऑटो से ले जाते थे। वहीं लहसुन के 15 कट को आम सस्ते भाव में लोगों को बेचना बताया तथा चोरी किया और पूरा माल तालाबडेरा रोड पर दिनेश पिता भेरूलाल के गोडाउन पर छुपाने की जानकारी दी। उक्त आरोपीगण से पुलिस ने चोरी का माल बरामद किया है। जिसकी कुल कीमत 2 लाख 1 हजार बताई जाती है। पुलिस ने आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि इनका एक साथी सनम उर्फ जितेन्द्र भिलाला फरार है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। इस कार्यवाही में कोतवाली टीआई संतोष बाघेला, सुरेन्द्रसिंह मेहता, शैलेन्द्रसिंह गुर्जर व आरक्षक शैलेन्द्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

**बस स्टैंड पर चले लात-घूंसे और लाठियां**

# बिना परमिट बस में सवारी बैठाने को लेकर हुआ विवाद, पुलिस ने शांत कराया मामला

**बस स्टैंड पर मची भगदड़, जान बचाने भागे लोग**





**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंगलवार को शहर का बस स्टैंड दंगल में बदल गया। जहां बस मालिक और एजेंट एक दूसरे पर लाठियां और लात-घूसे बरसा रहे थे। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद कई लोग वहां से भाग खड़े हुए। मामला बिना परमिट के बस चलाने को लेकर था जो मारपीट में बदल गया। जैसे ही पुलिस पहुंची वहां से विवाद करने वाले भाग गए।

विवाद की शुरुआत सोमवार को हुई थी। जब एक बिना परमिट की बस में बस स्टैंड से सवारियां बैठाई जा रही थी। इस बात को लेकर बस मालिक और एजेंटों के बीच विवाद हुआ और मामला कोतवाली थाने तक पहुंचा। मंगलवार को फिर दोनों पक्ष बस स्टैंड पर भिड़ गए। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पुलिस बल भी पहुंचा। बस मालिक ने एजेंटों के खिलाफ कोतवाली थाने में आवेदन दिया। उसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। इधर विवाद के चलते यात्रियों में भगदड़ की स्थिति बन गई। बस स्टैंड पर बस मालिकों और एजेंटों के बीच यह पहला विवाद नहीं है। इसके पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं। बस स्टैंड पर महिला यात्री और बच्चे भी थे। यहां आए दिन विवाद होने से यात्री अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करते है।

**बिना परमिट के चल रही बसें**

बस मालिक कांतू सर्राफ ने आरोप लगाया कि हमारी सभी बसों के परमिट है और अपने तय समय पर बस स्टैंड से चलती है लेकिन एजेंटों द्वारा बिना परमिट की बसों को भी बस स्टैंड से चलवाया जा रहा है। परमिट की बसों के समय में इन बसों में जबरन सवारियां बैठाई जा रही है। मना करने पर विवाद किया जाता है। एजेंट बस मालिकों से जबरन वसूली करते है। अवैध वसूली की शिकायत कई बार की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। विवाद में हम लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर दिए जाते हैं। बस मालिक ने एक हजार रुपए प्रतिदिन की एजेंटी मांगने के आरोप भी लगाएं है। घायल कमल गुर्जर ने बताया कि बस मालिक के लोगों ने मुझ पर हमला किया है। वे समय पर बस नहीं चलाते और विवाद करते हैं।

**महिला यात्री ने बनाया वीडियो**

इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। जिसे बस में बैठी किसी महिला ने बनाया और उसे वायरल कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है किस तरह बस स्टैंड पर विवाद में लोग एक-दूसरे पर लाठियां बरसा रहे हैं।

# 150 दिवस चैलेंज प्रतियोगिता मे देवास निगम ने प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया

**मुख्यमंत्री शिवराजसिह चौहान ने देवास नगर निगम को किया पुरस्कृत**





**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम द्वारा निगम सीमा क्षेत्र के गरीब व जरूरतमंद लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाकर भारत सरकार की 150 दिवस चैलेंज प्रतियोगिता मे कार्य योजना को पूर्ण किया। जिसके अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियो को पूर्ण रूप से योजना का लाभ मिला एवं कार्य योजना की प्रगति को 150 दिवस मे पूर्ण् कर प्रदेश स्तर पर देवास नगर निगम ने प्रदेश की नगर निगमो मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैलेंज प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिह चौहान के द्वारा 1 अगस्त मंगलवार को भोपाल के रविन्द्र भवन मे आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यक्रम मे पूर्व निगम आयुक्त श्री विशालसिह चौहान को पुरस्कृत किया।

**जून माह मे विशेष अभियान अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर भी मिला पुरस्कार-** जून माह में राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत किये जाने वाले कार्यो की प्रगति को बढाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष चैलेंज अभियान प्रदेश की नगर निगमो मे जून माह मे चलाया गया था। जिसके अन्तर्गत नगर निगम देवास द्वारा अधिकांश लाभान्वित हितग्राहियो के भवन निर्माण के कार्यो मे अति तीव्र गति से कार्य योजना को प्रगति दी जाकर योजनान्तर्गत 271 आवास पूर्ण कराये गये, 218 आवासो की छत डलवाई एवं 35 आवासो का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया। उल्लेखनिय है कि इस योजना के अभियान मे जनप्रतिनिधियो मे विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति श्री रवि जैन द्वारा हितग्राहियो को योजना के लाभ हेतु प्रेरित कर प्रोत्साहित किया तथा सभी परिषद सदस्यो द्वारा अपने–अपने वार्डो मे अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ प्रतिदिन हितग्राहियो से सम्पर्क कर उनकी प्रगति दर्ज कराई गई। इस प्रकार से प्रदेश स्तर पर इस विशेष अभियान चैलेंज प्रतियोगिता मे नगर निगम देवास द्वारा प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा भोपाल के रविन्द्र भवन मे आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यक्रम मे नगर निगम आयुक्त श्री रजनीश कसेरा को भी पुरस्कृत किया। इसी अन्तर्गत भोपाल के रविन्द्र भवन मे आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के वर्चुअल कार्यक्रम मे प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान के द्वारा 1 लाख से अधिक हितग्राहियो को हितलाभ वितरण, 70 हजार हितग्राहियो का गृह प्रवेश के साथ 30 हजार से अधिक हितग्राहियो को 300 करोड की राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर किया।

देवास निगम सीमा क्षेत्र के 52 हितग्राही भी हुए लाभान्वित– सभापति

आयोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानिय मल्हार स्मृति आडिटोरियम मे सिंगल क्लिक के माध्यम से देवास नगर निगम सीमा क्षेत्र के 52 हितग्राहियो को अपने आवास पूर्ण निर्माण के लिए तृतीय किश्त की राशि उनके खातो मे डाली गई। इस अवसर पर सभापति श्री रवि जैन ने अपने उद्बोधन मे प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियो को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ,सबका विकास की पहल पर हर गरीब वर्ग ने अपने घर का सपना साकार किया। सभापति ने देवास नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना मे निगम द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर पूर्व आयुक्त विशालसिह चौहान एवं नवागत आयुक्त रजनीश कसेरा के साथ निगम की पूरी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल, प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, निगम लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, सूचना एवं प्रोद्योगिकी समिती अध्यक्ष रामदयाल यादव, राजस्व समिती अध्यक्ष जितेन्द्र मकवाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं निगम उपायुक्त वित्त पुनित शुक्ला, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, जितेन्द्र सिसोदिया, दिनेश चौहान, दिलीप मालवीया, कार्यालय अधिक्षक अशोक उपाध्याय, ईसाक मिर्जा सहित निगम कर्मचारी व हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहन वर्मा ने किया।

# देवास जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व स्तनपान सप्ताह का हुआ शुभारंभ, 07 अगस्त तक होगी जन-जागरूकता गतिविधियां

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड। देवास जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में 07 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेगी। अभियान के शुभारम्?भ पर जिले की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं, प्रसव केंद्रों, हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर में प्रातः 10 से 11 बजे के मध्य में एक घंटे का कॉउंसिलिंग ऑवर मनाया गया।**

कॉउंसिलिंग ऑवर के दौरान सभी अस्पतालों में एएनसी ओपीडी और पीडियाट्रिक ओपीडी में आने वाली गर्भवती एवं धात्री माताओं, पीएनसी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं और एसएनसीयू, एनवीएसयू, एनआरसी में भर्ती बच्चों की माताओं को स्तनपान संबंधी समझाइश दी गई। सभी शासकीय प्रसव केन्द्रों में पदस्थ मेडिकल और पैरा-मेडिकल स्टॉफ, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद माताओं को स्तनपान कराने की समझाइश दी।

जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णुलता ऊईके ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी एक से सात अगस्त के दौरान विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष के विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम इनेवलिंग ब्रेस्ट-फीडिंग- मेकिंग अ डिफरेंस फॉर वर्किंग पेरेंट्स है। स्तनपान माँ और बच्चा, दोनों के लिये आवश्यक है। परिवार में एक माता को दोहरे दायित्वों का निर्वहन करना होता है। इसलिये यह आवश्यक है कि एक माँ को उसके परिवार से यथोचित सहयोग प्राप्त हो, ताकि वह अपने बच्चे को समुचित स्तनपान करा सके। स्तनपान के लाभ के संबंध में जागरूता बढ़ाने और स्तनपान को प्रोत्साहन देने की गतिविधियों को विश्व स्तनपान सप्ताह में किया जा रहा हैं।

विश्व स्तनपान सप्ताह 01 से 07 अगस्त के दौरान मेटरनिटी एवं शिशु वार्ड के स्टॉफ नर्स और पोषण प्रशिक्षक भर्ती माताओं को सरल और रोचक ढंग से स्तनपान संबंधी परामर्श देंगे। क्विज के माध्यम से भर्ती माताओं का ज्ञानवर्धन करेंगे। स्तनपान प्रोत्साहन संबंधी ऑडियो-वीडियो का प्रदर्शन करें। शीघ्र स्तनपान एवं 6 माह तक केवल स्तनपान के लिये गर्भवती प्रसूता के परिजन से शपथ ग्रहण करवाएंगे। लेबर रूम के प्रभारी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों, महिला चिकित्सकों और स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी स्तनपान के संबंध में जानकारी बढ़ाने के लिये समझाइश देंगे और साथ ही जन-जागरूकता हेतु अन्य गतिविधियाँ की जायेगी।

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया संवाद



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।**अमृत महोत्सव के अंतर्गत नव मतदाता संवाद कार्यक्रम सोमवार को महारानी पुष्पमाला पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संभाग प्रभारी ज्योति दुबे द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर युवा मतदाता बेटियों से संवाद किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राखी झालानी, जिला उपाध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, जिला महामंत्री वीणा महाजन, सीनियर मंडल अध्यक्ष नीतू जाधव, पुष्प लता सोनगरा, मीडिया प्रभारी मीना भवालकर, मंडल महामंत्री माया तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी रितु सवनेर एवं पदाधिकारी बहनें उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने संयुक्त रूप से दी।

# जनसुनवाई में 118 आवेदन प्राप्त हुए



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 118 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, संयुक्त कलेक्टर श्री अखिल राठौर, अनुविभागीय अधिकारी श्री नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री महेन्द्र प्रताप सिंह किरार व सुश्री मनीषा वास्कले, तहसीलदार श्रीमती मधु नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कन्याल ने जनसुनवाई के पश्चात विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिये कि जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हो सकता, उसके संबंध में लिखित सूचना देकर आवेदक को अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं, हितलाभ आदि का निराकरण अतिशीघ्र एवं गंभीरता के साथ किया जाए तथा आवेदकों की समस्याओं में मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए भावनात्मक रूप से उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करें।

**जनसुनवाई**

जनसुनवाई में मुख्य रूप से ग्राम भिलवाड़िया के रमेश ने बिजली की केबल हटवाने, लसुल्डियाजगमाल के बहादुरसिंह ने कोटवार के पद पर नियुक्ति प्रदान करने, बमुलिया के नारायणसिंह ने वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने, माधोपुर गुलाना के जगदीश ने सोयाबीन की फसल नष्ट होने पर मुआवजा राशि प्रदान करने, चितावत के मदनलाल ने प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम जुड़वाने, अभयपुर के बाबुलाल ने अतिक्रमण हटवाने, टाण्डा के आत्माराम ने ईलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने, शाजापुर की लीला सोनी ने पुत्र के आकस्मिक मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता प्रदान करने सहित आदि समस्याओं के आवेदन आवेदकों द्वारा प्रस्तुत किये गये।

# स्कूटी प्रदाय पूर्व संचालन का प्रशिक्षण

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को निःशुल्क ई-स्कूटी/आई-स्कूटी योजना का लाभ देने के लिए आज 01 अगस्त 2023 को उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक 01 शाजापुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे ने विद्यार्थियों को योजना के लाभ एवं स्कूटी संचालन में यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी श्री सत्येन्द्र राजपूत ने हेलमेट की अनिवार्यता पर मार्गदर्शन दिया।

उल्लेखनीय है कि कक्षा 12 वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त शिक्षा विभाग अंतर्गत हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के 126 छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निःशुल्क ई-स्कूटी/आई-स्कूटी प्रदाय की जायेगी। विद्यार्थी अपनी पसंद से स्कूटी का चयन करेंगे तो उन्हे अधिकतम 90 हजार रूपये आई.सी.ई. स्कूटी के लिए राशि उनके खातों में दी जायेगी और ई-स्कूटी चयन करने पर 1 लाख 20 हजार रूपये प्रदाय किये जायेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम में आईटीआई के ट्रेनिंग ऑफिसर श्री अतुल पटेल, श्री आर.आर. शर्मा, श्री अभय वर्मा, यातायात सहा. प्रभारी श्री जितेन्द्र राजपूत, श्री रवि वर्मा, श्री गौरव व्यास आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्री हेमंत दुबे ने किया एवं आभार प्रदर्शन उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री प्रवीण मण्डलोई ने माना।

## राष्ट्रीय सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान तीन चरणों में आयोजित होगा

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम सुदृढ़ीकरण व मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुये 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किये जाने के लिए सघन मिशन इन्द्र धनुष 5.0 प्रदेश के समस्त जिलों में तीन चरणों जिनमें 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितम्बर एवं 9 से 14 अक्टूबर 2023 में आयोजित किया जायेगा।

# कलेक्टर मिश्रा ने पैरा बैडमिंटन अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राज्य विजेता शटलरो को बधाई देते हुए आगामी स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन की अग्रिम शुभकामनाएं दी



**धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विगत दिवस गोल्डन इन्टरनेशनल स्कूल इन्दौर में खेली गई ''गोल्डन ट्राफी'' म.प्र मिनी एवं सब जूनियर बैडमिंटन चौम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर ''राज्य विजेता'' का खिताब जीतने वाले अविका वर्मा, पार्थ शर्मा, अव्दितीया शर्मा एवं पैरा बैडमिंटन की अंतराष्ठीय स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले राहुल सिंह विमल ने कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा से शिष्टाचार मुलाक़ात कर अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर शटलरो के प्रशिक्षक सुधीर वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। विगत दिवस युगांडा में खेली गई पैरा इन्टरनेशनल बैडमिंटन स्पर्धा में भिण्ड निवासी राहुल सिंह विमल ने एस यू 5 पुरूष युगल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा का परिचय दिया। राज्य स्तरीय बैडमिंटन चौम्पियनशिप में लगातार दूसरी बार दोहरी सफलता अर्जित करने वाली अविका वर्मा एवं अंडर 13 बालक एकल वर्ग में लगातार दूसरी बार राज्य विजेता बने पार्थ शर्मा। अंडर 11 बालक एवं बालिका एकल वर्ग में उप विजेता बने क्रमशः इशिमत अरोरा एवं अव्दितीया शर्मा उपरोक्त सभी शटलर्स द्वारा स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर आगामी नवंबर में होने वाली नेशनल बैडमिंटन चौम्पियनशिप हेतु चयन हुआ है। उक्त सभी खिलाड़ी अपने-अपने आयु वर्गो में म.प्र दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी राष्ठीय स्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की अग्रिम शुभकामना दी।

## जनसुनवाई में आए कुल 115 आवेदन



**धार /मनीष जैन/दैनिकमालवा हेराल्ड।** एसडीएम श्रीमती रोशनी पाटीदार ने जिला पंचायत सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनसुनवाई में सीमांकन कराने, अवैध कब्जा हटवाने, अतिक्रमण हटाने, पीएम आवास की राशि दिलवाने, पुनः पेंशन चालू करवाने, पट्टा दिलवाने, नाली निर्माण, मुआवजा राशि दिलवाने, अनुकम्पा नियुक्ति इत्यादि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देश दिए गए।

# ग्राम पंचायत खजूरी में नवीन शासकीय पशु चिकित्सा केंद्र बनाया गया

**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत खजूरी में नवीन शासकीय पशु चिकित्सा केंद्र बनाए गया नवीन भवन की कुल लागत 10 लाख रुपये ग्रामीणों को अधिक समस्या थी पशु बीमार होते थे तो थांदला ले जाना पड़ता था अब ग्राम पंचायत खजूरी में नवीन पशु अस्पताल होने से हर प्रकार की दवाईयां खजूरी में उपलब्ध होगी गाय भैंस बकरी किसी को इलाज के लिए थांदला नहीं जाना पड़ेगा डॉक्टर श्री रोशन कटारा समय-समय पर पशु चिकित्सालय पर बैठेंगे लंबे समय से ग्रामीणों की मांग थी कुछ महीने पहले ग्राम पंचायत खजूरी के ग्रामीण अनाज लेने के लिए थांदला जाते थे हमने थांदला से अनाज वितरित केंद्र खजूरी में कर दिया अब हर महा अनाज खजूरी में मिल रहा है इसके बाद दूसरा कार्य ग्राम पंचायत खजूरी में पशुओं के



लिए नवीन अस्पताल खोला गया नवीन अस्पताल के उद्घाटन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल जसवंतसिंह भाबर ने फिता काटकर एवं मां सरस्वती की तस्वीर पर दीपक जलाकर पूजा अर्चना कर अस्पताल का उद्घाटन किया गया इस उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल भाबर संगठन मंत्री जसवंत सिंह भाबर जनपद सदस्य मुकेश भाबर खजूरी सरपंच रुसमाल मईडा डॉक्टर निलेश भेडिया डॉक्टर रोशन कटारा बलदेश मेडा फील्ड ऑफिसर डॉ प्रभु मेडा संजय मेडा उपसरपंच अनु भुरिया पटेल सावनसिंह भाबर पूर्व सोसायटी अध्यक्ष कनिया डामोर सचिव अजय भाबर सहयाक सचिव वीरेंद्र देवदा पाडा धमजर सरपंच खुमचद भुरिया करण भाबर कमलेश भाबर अविनाश भाबर मंगलिया भुरिया सचिन खराडी एवं समस्त ग्राम पंचायत खजूरी के ग्रामवासी उपस्थित थें।

**पीथमपुर पुलिस को मिली बडी सफलता**

# दो नाबालिक आरोपीयों से साढे सात लाख रुपये कीमत की 10 मोटरसाईकल बरामद




**धार/मनीष जैन/मालवा हेराल्ड।** नगर पुलिस अधीक्षक पीथमपुर तरुणेन्द्र सिह बघेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जिला धार श्री मनोज कुमार सिह द्वारा वाहन चोरी की बढती घटनाओं पर नियंत्रण के लिये निर्देशित किया गया था व टीआई पीथमपुर समीर पाटीदार को प्राप्त मुखबीर सुचना के आधार पर दो नाबालिक आरोपी को पकडा जिनसे चोरी हो रही मोटरसाईकलों के संबंध में पुछताछ करते थाना पीथमपुर , थाना महू , थाना राऊ आदि स्थानों से कुल 10 मोटरसाईकल चोरी करना बताया व आरोपीयों के कब्जे से 10 मोटरसाईकल किमती 7,50,000/- रुपये की जप्त की गई।

**इनकी भूमिका सराहनीय**

उक्त आरोपीयों को पकडने में थाना पीथमपुर से सउनि विनोद पटेल , आरक्षक 1038 योगेश सौलंकी आर 1044 सचिन आरक्षक 756 लखन आरक्षक 96 दिलीप आरक्षक 1035 गौरव का सराहनीय योगदान रहा।

**हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा**

# साजीस के तहत गला रेत कर की हत्या प्रेम-प्रसंग का था मामला

**हत्यारे के कपड़ों पर लगा खुन से मीली सजा»» जिला हत्या करना अपराध होता है, अपराध करके कानून से बचने के लिए अपराधी जालसाज करके कितने भी साक्ष्य छुपाए लेकिन उसकी एक ग़लती उसके अपराध को खोलकर सामने रख देती हैं**

**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड।** उज्जैन के खाचरौद थाना क्षेत्र के रिंगनीया गावं का है 10 अप्रैल 2018 की रात 1 बजे शादी से घर लौट रहे युवक की धारदार चाकू को सीने पर मारकर घायल किया ओर फिर गला रेतकर बेदर्दी से हत्या कर हत्यारा फरार हो जाता है राहगीरों ने देखकर पुलिस को सुचना दी पुलिस को सुचना मिलते ही मौके पर पहुंचती है जानकारी में हत्या का कारण मृतक युवक और हत्यारे की लड़की एक दुसरे से प्रेम करते थे जिसका अंजाम प्रेमी की हत्या में बदल जाता है राजेन्द्र की हत्या के साथ ही गांव की विलम बाई का आखरी सहारा लुट जाता है घटना में मृतक की माँ विलम बाई ने पुलिस को शंका के आधार गाँव के ही राजेश पिता तुलसीराम कीर का नाम लीया है जिसने तीन दिन पहले घर जाकर जान से खत्म की धमकी दी थी तत्कालीन एसपी सचिन अतुलकर ने



टीआई दिनेश वर्मा को जघन्य हत्या के प्रकरण दर्जकर जांच के आदेश दिए जिसमें हत्या का प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का होना सामने आता है आरोपी की खोजबीन कर कुछ दिन बाद महिदपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया बुढ़ी मां विलम बाई अपने बेटे के हत्यारे को सजा दिलाने के लीए कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने लगी न्यायालय में प्रकरण 5 वर्ष तक चला जिसमें तमाम गवाह सबुतो में हत्यारे राजेश ने जेल में बैठकर हर सम्भव बचने का रास्ता बनाने की कोशिश करी




लेकिन कानून के सीकंजे और मां की हाय से नहीं बच पाया ओर हत्यारे राजेश कीर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई शासकीय अभियोजक रजनीश उपाध्याय ने बताया कि हत्यारे के कपड़ों पर लगा खुन ही सजा का बिन्दु बना 10 अप्रैल 2018 की रात राजेन्द्र की हत्या करने के बाद राजेश ने कपड़े बदले और खुन से सने कपड़ों को घर के बाड़े में गड्डे में गाड़कर फरार हो गया था पुलिस गिरफ्तारी के बाद पुछताछ में हत्यारे की निशानदेही कपड़े और चाकू को जप्त किया मृतक राजेन्द्र के खुन से डीएनए जांच में हत्यारे के कपड़ों पर लगा खुन से मीलने पर हत्यारे राजेश को न्यायधीश द्वारा आजीवन कारावास देने से नहीं रोक पाया प्रथम सूचना रिपोर्ट / अपराध और पुलिस थाने का विवरण पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी,खाचरौद जिला उज्जैन श्री विष्णु सोलंकी न्यायालय के दांडिक प्रकरण क्रमांक-329 / 2018 पुलिस थाना खाचरौद जिल्ला उज्जैन के अपराध क्रमांक- 145 / 2018 अंतर्गत धारा 302, 201 भा.दं.सं. 1860 एवं 25 आर्म्स एक्ट मध्यप्रदेश राज्य विरुद्ध राजेश में पारित किया गया।

# मॉ बाघेश्वरी धाम सगूर भगूर से 11 हजार शिवभक्तों के साथ भव्य आस्था यात्रा का होगा आगाज

**सचिन यादव और अरूण यादव के साथ स्थाई 1100 शिवभक्त भी आस्था यात्रा में लगातार करेंगें पदयात्रा**

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिष्मति सेवा न्यास के तत्वावधान में आज बुधवार को मॉ बाघेश्वरी धाम सगूर भगूर से प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री और विधायक सचिन यादव द्वारा प्रातः 8.00 बजे 6 दिवसीय आस्था यात्रा की शुरूआत की जाएगी । भगवान भोलेनाथ की भक्ति से ओतप्रोत लगभग 92 किमी से अधिक की यह पदयात्रा कसरावद विधानसभा क्षेत्र के 37 गॉवों से होते हुए नर्मदा किनारे भोईन्दा कठोरा में 11 शिवलिंगी महादेव आश्रम पर दिनांक 7 अगस्त 2023 को समाप्त होगी । इस आस्था यात्रा में पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव भी पूरे समय आस्था यात्रा के साथ पदयात्रा करेंगें । पूर्व कृषि मंत्री और विधायक सचिन यादव ने उत्साहित होकर बताया कि मॉ बाघेश्वरी धाम सगुर भगुर से 11 हजार से भी अधिक शिवभक्तों के साथ आस्था यात्रा का भव्य आगाज होगा । इस 6 दिवसीय भव्य आस्था यात्रा में सचिन यादव और अरूण यादव के साथ स्थाई 1100 आस्था यात्री भी लगातार साथ में पदयात्रा करेंगें । बुधवार से सोमवार तक कसरावद विधानसभा क्षेत्र के गॉवों में भव्य आस्था यात्रा के साथ शिवभक्ति की गंगा बहेगी । पूर्व कृषि मंत्री और विधायक सचिन यादव ने बताया कि इस भव्य आस्था यात्रा की समस्त मैदानी तैयारियॉ कर ली गई है । इस 6 दिवसीय आस्था यात्रा का मुख्य संदेश बेहतर कल के लिए प्रकृति का संवर्धन और संरक्षण होगा । आस्था यात्रा के दौरान पड़ने वाले सभी 37 गॉवों में 51 त्रिवेणी रोपी जाएगी और वृक्षारोपण भी किया जाएगा । आस्था यात्रा के रात्रि विश्राम स्थलों बिटनेरा, बोरावां, कसरावद, सोनखेड़ी और भोईन्दा में आस्था यात्री शिवभक्तों द्वारा भगवान शिव की स्तुति की जाएगी । भोलेनाथ के भजनों की संगीतमयी प्रस्तुति होगी ।

**देवी आराधना और शिव पूजन अभिषेक से होगा आस्था यात्रा का आगाज** -सचिन यादव ने बताया कि 11 विद्वान आचार्य और पण्डितों के सानिध्य में सगुर भगुर में मॉ बाघेश्वरी, मोटी माता और भगवान शिव का पूजन अभिषेक कर इस आस्था यात्रा का भव्य आगाज होगा । यह आस्था यात्रा बलखड़िया होते हुए दोपहर में रेहगॉव पहुॅचेगी । यहॉ पर दोपहर भोज के लिए आस्था यात्रा का विराम होगा । पहले दिन लगभग 22 किमी का पैदल सफर तय करते हुए यह आस्था यात्रा अंदड़, मछलगॉव, अदलपुरा बडिया फाटे से होते हुए बिटनेरा पहुॅचेगी । बिटनेरा में आस्था यात्रियों का भोज और रात्रि विश्राम होगा।

# जनसुनवाई में आर्थिक सहायता की मांग पर नानूराम को 15 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की

**धार /मनीष जैन/दैनिकमालवा हेराल्ड।** परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री निशिकांत शुक्ला ने बताया कि नानुराम पिता पुनिलाल बामनिया द्वारा जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर म.प्र. शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता योजना अनुसार स्ट्रीट वेण्डर योजनां अंतर्गत 10 हजार रूपये की ऋण राशि दिलाने की मांग की गई है। जिससे ये छोटा व्यवसाय कर सके। आवेदक द्वारा निकाय में ऋण के संबंध में पूर्व में प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवेदक का स्ट्रीट वेण्डर योजना मे पंजीयन नहीं



होने के कारण इनका आवेदन राष्टीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत ऋण राशि 50 हजार रुपए की स्वीकृति हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा धार को भेजा गया। बैंक द्वारा उन्हें 15 हजार रुपए की राशि का ऋण स्वीकृत कर वितरित किया जा चुका है। जिला कार्यालय में जनसुनवाई में प्राप्त उल्लेखित आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र मांग अनुसार आवेदक को लाभान्वित किया जाकर आवेदन का निराकरण कर दिया गया है।

# मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना से हितग्राहियों को हर महीने मिल रहा राशन

**धार /मनीष जैन/ दैनिकमालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना से निम्न वर्ग के लोगो को अनाज खरीदने की समस्या से मुक्ति मिली है। अन्नपूर्णा योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकान से मुफ्त राशन प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में धार जिले के सरदारपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत



बरमण्डल के मोतीलाल भी मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना से लाभान्वित हितग्राही है। श्री मोतीलाल बताते है कि वे मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना से मिलने वाले राशन से अपने परिवार का भरण पोषण अच्छे से हो जाता है। श्री मोतीलाल ने बताया कि उन्हे शासकीय उचित मुल्य दुकान से प्रत्येक व्यक्ति को 5 किलो राशन मिलता है। मेरे परिवार में 6 सदस्य है, जिन्हे कुल 30 किलो राशन हर माह मिलता है। शासन द्वारा चलाई गई इस योजना के लिए श्री कमलसिंह ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया है।

# केश शिल्पी कला बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री वर्मा का किया स्वागत

**गुलाना/ किशोर नाथ राजगुरु /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश सरकार के केस चिलिपि कला बोर्ड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त श्री नंदकिशोर वर्मा का प्रथम बार शाजापुर जिले में आगमन पर जगह-जगह स्वागत किया गया इसी कड़ी में गुलाना तहसील पहुंचने पर भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य चंदा देवी वर्मा के नेतृत्व में उनके निज निवास गुलाना में भव्य स्वागत किया गया जहां इस दौरान श्री वर्मा ने कहा कि मिलकर मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगे और



मिलजुल कर ही हम सब कार्य करेंगे जहां इस दौरान समाज के सामाजिक कार्यकर्ता महेश वर्मा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार मंडल उपाध्यक्ष मुकेश बांग्ला अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुजराती संजय पितले गब्बर मेवाड़ा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डॉ.संजय गोयल ने संभागायुक्त का पदभार ग्रहण किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन के आदेश के परिपालन में 2003 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ.संजय गोयल ने मंगलवार को अपराह्न में उज्जैन संभाग के आयुक्त के पद का पदभार ग्रहण कर लिया है। कलेक्टर एवं प्रभारी संभागायुक्त श्री कुमार पुरुषोत्तम ने डॉ.संजय गोयल को पदभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में डॉ.गोयल भोपाल में प्रमुख राजस्व आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त के पद पर पदस्थ थे।

# जागो मतदाता जागो अभियान




**बदनावर/देनिक मालवा हेराल्ड।** स्वीप प्लान के तहत आज सीएम राइज स्कूल बदनावर जिला धार के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा नगर में जन जागरण रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया गया ।विद्यालय से विद्यार्थी अपने हाथों में बैनर और मतदाता जागरूकता की तख्तियां लेकर रैली के रूप में थे।रैली को प्राचार्य विक्रम सिंह राठौर, उप प्राचार्य रियाजुद्दीन शेख ने विद्यार्थियों को संबोधित कर मतदान का महत्व बताकर उन्हें नगर भ्रमण हेतु लेकर निकले रैली में का नेतृत्व श्री एम एल ओहरी ने किया।

विद्यार्थियों के साथ जुगलकिशोर प्रजापत,महेश चौहान,शुभम बारेट, नरेन्द्र चौहान,शुभम उपाध्याय, प्रदीप पांडेय् शिक्षकगण मतदाता जागरूकता हेतु श्लोगन नारे लगाकर साथ रैली में सम्मिलित थे।

# उद्योग मंत्री दत्तीगांव के प्रयास से तिलगारा में आईटीआई कालेज खोलने की मिली मंजूरी

**मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पर लगी मोहर**

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश सरकार के ओद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के प्रयास से बदनावर में आईटीआई कालेज खोलने की स्वीकृति मिल गई है। भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पर मोहर लगी है।

जानकारी के अनुसार बदनावर के पश्चिम क्षेत्र में स्थित ग्राम तिलगारा में यह आईटीआई कालेज खुलेगा। मंत्री दत्तीगांव के प्रस्ताव पर यह सौगात बदनावर को मिली है। धार के तिलगारा के अलावा जबलपुर के सिहोरा, कटनी



के कैमोर, छतरपुर के बिजावर , निवाड़ के जेरोन, सीधी के रामपुर नैकिन में नए आईटीआई खोले जाएंगे। इन सभी 6 नए आईटीआई के लिए 114 प्रशिक्षकों व 44 प्रशासन के पदों को मंजूरी भी दी गई है।

उद्योग मंत्री दत्तीगांव ओद्योगिक विकास को लेकर लंबे समय से गंभीरता से प्रयास में जुटे है। ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शुरु होने से युवाओं को काफी फायदा होगा। आगामी दिनों में भेंसोला में स्थापित होने वाले पीएम मेगा मित्र टेक्सटाइल्स पार्क शुरू होने के बाद प्रशिक्षित युवाओं की आवश्यकता होगी। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में नवीन पदों पर प्रशिक्षित व डिप्लोमाधारी युवाओ के लिए रोजगार के अवसर सृजित ह्यो रहे है। यहां आईटीआई शुरू करने के साथ ही नियमित पदों की भी स्वीकृति मिल गई है।

चर्चा में उद्योग मंत्री दत्तीगांव ने बताया कि शिक्षण संस्थान के निर्माण से युवा शक्ति को लाभ मिलेगा। तिलगारा में आईटीआई शुरू होने से क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ साथ रोजगार के अवसर मिलेंगे। हमारे क्षेत्र में सोया प्लांट, कपड़े का कारखाना समेत मित्रा पार्क स्थापित होने जा रहा है। देश की कई बड़ी कंपनियां यहां निवेश करने आ रही है। ऐसे में प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत लगेगी। आईटीआई शुरु होने से हमारे क्षेत्र के युवाओं को अन्य शहर में जाने की जरूरत नही पड़ेगी। तिलगारा में ही तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर युवा अपने भविष्य को बेहतर बना सकेंगे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सुची पुनरीक्षण को लेकर कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए

**बदनावर के नेताओं ने मंच से जो कहा उस पर अंत तक अडिग रहे-डा संजय कामले>>सभी कार्यकर्ता एकमत होकर चुनावी तैयारी में जुट जाए- जिलाध्यक्ष कमलकिशोर पाटीदार >>मेरा बुथ कांग्रेस का बुथ साबित हो- संगठन प्रभारी निर्मल महेता**

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला कांग्रेस कमेटी धार के तत्वाधान में सोमवार 31 तारीख को चंद्रलीला गार्डन में बदनावर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक व मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी एवं चुनाव बुथ प्रबंधन प्रकोश्ठ के कार्यकर्ता की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि मप्र कांग्रेस मतदाता सुची पुनरीक्षण प्रभारी डा संजय कामले थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलकिशोर पाटीदार ने की। विशेष अतिथि मतदाता सुची पुनरीक्षण सह प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी, धार जिला संगठन प्रभारी निर्मल मेहता, सह प्रभारी मधु हिरोडकर, काग्रेस नेत्री प्रभा बालमुकुंदसिंह गौतम, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजेता त्रिवेदी, केसुर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सांखला, कानवन ब्लॉक अध्यक्ष बद्रीलाल पाटीदार, बदनावर ब्लॉक अध्यक्ष घनश्यामसिंह डोडिया, जिपं सदस्य अशोक डावर, , अभिषेकसिह राठौर, जगदीष भेसोटिया, मनीष बोकडिया, शरदसिंह सिसौदिया, सारिका बाफना, दिलीप पाटीदार, श्याम अग्निहोत्री, चेतनसिह राठौर, अश्विन पाटीदार, संजय भुरिया, कमलसिंह सिसौदिया, डा पवन जैन, पार्शद हरिश मांगलिया, महिपालसिंह पंवार, जगदीश पाटीदार व जितेन्द्र जोशी, जयवर्द्वनसिंह गौतम, जीवन झंडेवाला, विष्णु मरगला, कृश्णा पंवार, जगदीश बना, एवम मंजुबेन नांदेचा,, मनोज परमार, मुकेश होती, कैलाश गुप्ता, भरत पाटीदार, धर्मराज पाटीदार,यश



मोदी,चेतन बना कोद, निलेश वैष्णव, लाखनसिंह पंवार, कैलाश पाटीदार बालोदा ,विनोद गहलोत,पंकज पंवार, मोहब्बत भाई थे। डा संजय कामले ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर 2 अगस्त से मतदाता सुची पुनरीक्षण को लेकर कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिए। बदनावर ने नेताओं ने मंच से जो कहा उस पर अंत तक अडिग रहने को कहा। बदनावर विधानसभा में प्रत्याशी का चयन कर अगस्त महिने में 66 प्रत्याशी की सुची जारी की जा सकती है। डा कामले ने मंडलम, सेक्टर प्रभारी एव बीएलए की जिम्मेदारियों का भी उल्लेख किया। जिलाध्यक्ष कमलकिशोर पाटीदार ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकमत होकर चुनावी तैयारी में जुट जाए। तथा प्रत्याशी नहीं हाथ का पंजा चुनाव चिन्ह ही हमारा लक्ष्य होगा।संगठन प्रभारी निर्मल मेहता ने कहा कि इस बार की कार्यशाला में माहोल बदला सा नजर आ रहा है। परिस्थितियां कांग्रेस के अनुकुल है। सब मिलकर मेहनत करेंगे तो मेरा बुथ कांग्रेस का बुथ साबित होगा। केसुर ब्लॉक अध्यक्ष सुनील सांखला ने विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बताया।

**कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया-** कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथजी की नारी सम्मान योजना में महिलाओं के फार्म भरने का काम मेहनत से करने पर कार्यालय प्रभारी कृश्ण चौधरी, अतुल बाफना, विनोद शर्मा, लखन बैरागी, उमेश पंवार, निर्मल वर्मा, अबदुलखालिक बादषाह, ओमप्रकाश परमार, ओम पटेल को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में बदनावर विधानसभा के तीनों ब्लॉक के पदाधिकारी, युवक कांग्रेस पदाधिकारी, सेवादल, एनएसयुआई, मंडलम एवं सेक्टर प्रभारी, नगर कांग्रेस, बुथ प्रबंधन प्रकोश्ठ तथा कांग्रेस के सभी संगठन के पदाधिकारी व क्षेत्र में कांग्रेस के वरिश्ठ सदस्यगण, सरपंच एवं पंचगण मौजुद थे।स्वागत भाषण जनपद सदस्य परितोशसिंह राठौर ने दिया। आभार संगठन मंत्री मधु हिरोडकर ने माना। संचालन देवपालसिंह जादव व महेश पाटीदार ने किया। जानकारी कांग्रेस मिडिया प्रभारी महेश पाटीदार ने दी।

# दिसंबर 2022 तक बनी अवैध कॉलोनियों होगी वैध

## सरकार ने किया नियम में संशोधन-उज्जैन की 100 से अधिक अवैध कालोनियां हो सकेगी वैध

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अवैध कॉलोनियों में रहने वालों के लिए सरकार ने बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। इसके लिए मध्य प्रदेश नगरपालिका कॉलोनी विकास नियम में परिवर्तन किया है। इसके बाद अब दिसंबर 2022 तक अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध किया जाएगा। वहीं निम्न आय वर्ग से विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसका फायदा उज्जैन की 100 से ज्यादा अवैध कालोनियों में रह रहे लोगों को होगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश नगरपालिका कालोनी विकास नियम 2021 में बदलाव कर दिया है। पहले इन नियमों में प्रविधान था कि जो अनधिकृत कॉलोनियों 31 दिसम्बर 2016 तक अस्तित्व में आई हैं, उन्हें ही वैध करने की कार्रवाई की जाएगी।नियमों में यह भी बदलाव किया गया है कि अब चिन्हित अनधिकृत कालोनी में एलआइजी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग के रहवासियों से कोई विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा, लेकिन एलआइजी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र देना होगा तथा शेष अन्य वर्ग के रहवासियों से विकास शुल्क का 50 प्रतिशत लिया जाएगा और शेष 50 प्रतिशत राशि संबंधित नगरीय निकाय वहन करेगा।

### मुख्यमंत्री ने मानी आवासीय मंत्री की बात...

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अनाधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण एवं अनुज्ञा प्रदाय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री से आग्रह किया था कि 31 दिसंबर, 2022 तक की अनाधिकृत कॉलोनियों को वैध करने का निर्णय लिया जाए। इन कॉलोनियों में बने ऐसे मकान जो कंपाउंडिंग की सीमा में आ रहे हैं, उनके नक्शे पास किए जाए। गरीब रहवासियों से विकास शुल्क लेने का प्रविधान समाप्त किया जाए। इन कॉलोनियों के नक्शे पास करने के लिए आफलाइन प्रक्रिया अपनाई जाए। इन कालोनियों में नियमित योजनाओं जैसे अमृत योजना, अधोसंरचना मद और सांसद एवं विधायक निधि आदि से विकास कार्य हो सकेंगे। पेयजल, सीवर और बिजली के वैध कनेक्शन दिए जाए जा सकेंगे। आग्रह को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मंच से इन प्रस्तावों को पूरा करने की घोषणाएं कर दी थी।

### पहले विकास कार्य, फिर होगी अवैध से वैध...

राज्य सरकार पूर्व की व्यवस्था में बदलाव किया है। अब पहले इन कॉलोनियों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके बाद ही कॉलोनियों को वैध घोषित किया जाएगा। नगर निगम और निकाय की सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में शहर की अपेक्षा अधिक संख्या में अवैध कॉलोनियों हैं। यहां खेत की भूमि पर प्लाट काट दिए जाते हैं और जाने -अनजाने में लोग ऐसे प्लाट पर मकान बना लेते हैं। बाद में यही क्षेत्र जब निकाय सीमा के अंतर्गत आते हैं तो ये कालोनियां अवैध मानी जाती हैं। इसके चलते ऐसी कालोनियों में विकास कार्य प्रभावित होते हैं। राज्य सरकार ऐसी कालोनियां काटने वाले बिल्डरों पर अब सख्ती से नजर रखेगी।

### संशोधन के बाद अधिसूचना जारी..

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इसकी संशोधित अधिसूचना जारी कर दी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने मध्य प्रदेश में 31 दिसंबर, 2022 तक की अनाधिकृत कालोनियों को वैध करने के लिए सर्वे भी कराया है। ऐसी संशोधित अधिसूचना जारी को चिह्नित कर उनकी मैपिंग की जाएगी।

### उज्जैन की 100 से अधिक कालोनियों को मिलेगा फायदा...

अवैध कालोनियों को वैध करने के नियम में हुए संशोधन के बाद शहर की 100 से अधिक कॉलोनियों को अवैध से वैध करने का रास्ता साफ हो जाएगा। शहर में वर्ष 2016 से लेकर 2022 तक 100 से ज्यादा नई विकसित कॉलोनी ऐसी है जो अवैध है। नियम संशोधन के साथ इनके वैध होने का रास्ता भी साफ हो गया है।

# क्यू टीवी (QTV) पर फिर एक बार धूम मचाने आ रहा है एक नन्हा भूत

## क्या आप भी इस भूतिया रिसॉर्ट में आना चाहेंगे?




**जीएनएस।** 01 अगस्त, 23 भारत के प्रमुख यूथ हिंदी एंटरटेनमेंट चैनल (क्यू टीवी (QTV) ने दर्शकों के लिए अनोखी और लाजवाब कहानियाँ पेश करना जारी रखते हुए अपने चर्चित शो भागो भागो भूत आया को अपने बाल दर्शकों के लिए फिर से लॉन्च करने की घोषणा की है। चैनल ने यह फैसला अपने पहले लॉन्च के बाद खासकर बच्चों और युवा वर्ग में शो के प्रमुख किरदारों, नन्हे व आदित्य की लोकप्रियता और भारी डिमांड को देखते हुए लिया है। शो को चाहने वाले एक बार फिर एक शरारती भूत के साथ मनोरंजक कॉमेडी का मजा सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध चैनल, क्यू टीवी पर उठा सकेंगे। शो के प्रमुख कलाकारों में हेथ मकवाना (नन्हे) और गौरव शर्मा (आदित्य) के साथ शीर्षा तिवारी, नमन, सुषमा मुरुदकर, कपिल और नीतू पचौरी जैसे अन्य कलाकार शामिल हैं। एक हॉन्टेड रिसॉर्ट में अलग-अलग मज़ेदार किरदारों के साथ धूम मचाते एक प्यारे से भूत,'नन्हे' द्वारा मेहमानों के सुकून और मस्ती में बाधा डालते देखना बच्चों के साथ-साथ पूरे परिवार के लिए बेहद दिलचस्प होने वाला है। आदित्य ने अद्भुतरिसॉर्ट में सभी को अपनी चुलबुली शैतानियों से परेशान करने वाले नन्हे भूत को पकड़ने की ठानी है। लेकिन नन्हे को लगता है कि कई अन्य लोगों की तरह ही आदित्य भी उसे पकड़ने में सफल नहीं होगा। भागने और पकड़ने वाला यह बिल्ली और चूहे का खेल आपके घर में हँसी का माहौल बना देगा और आप अपने परिवार के साथ इसका आनंद ले सकते हैं। कॉमेडी से भरपूर इस शो में आदित्य अद्भुतरिसॉर्ट में काम करता है, जो नन्हे की शातिराना चाल से बचने के चक्कर में खुद ही फँस जाता है। दिलचस्प बात यह है कि पूरे रिसॉर्ट पर सिर्फ आदित्य ही एक अकेला ऐसा व्यक्ति है, जो प्यारे नन्हे को देख, सुन और उससे बात कर सकता है। पूरे शो को इस तरह से प्रस्तुत किया गया है, जिससे दर्शक हर एपिसोड के बाद अगले एपिसोड का इंतजार करने पर मजबूर हो जाते हैं। आदित्य और प्यारे नन्हे की लगातार चलने वाली छेड़-छाड़ जादू और मस्ती की दुनिया से भरपूर है।हालाँकि, सवाल यही है कि नन्हे भूत कैसे बना, आदित्य किस परिस्थिति में खुद को फँसा लेता है और कैसे यह सब कुछ हँसी- खुशी के साथ लोगों को टीवी स्क्रीन्स से बाँधे रखता है। वहीं, एक बार फिर भागो भागो, भूत आया के रिलॉन्च के साथ क्यू टीवी (QTV) ने अपने दर्शकों की एक लम्बी सूची तैयार की है और उनकी डिमांड को पूरा करने के साथ-साथ अलग तरह की,मनोरंजक कहानियों की पेशकश जारी रखी है।

# 18 घंटे में ढाई इंच बारिश, तापमान में 2 डिग्री की गिरावट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अगस्त माह का पहला दिन भी तेज बारिश लेकर आया है। सोमवार मंगलवार रात 12 बजे शुरू हुई बारिश दिन भर होती रही। 18 घंटे में ढाई इंच बारिश दर्ज की गई है मंगलवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री की गिरावट आई है।

4 जुलाई को श्रावण मास की शुरुआत होने के बाद से मानसून की सक्रियता बनी हुई है और तेजी से औसतन आंकड़े की ओर कदम बढ़ते दिखाई दे रहा है। मंगलवार को अगस्त माह की शुरुआत होने से पहले रात 12 बजे बाद हल्की बारिश शुरू हो गई थी जो तड़के 4 बजे झमाझम बरसती दिखाई दी जिसके बाद उसे दोपहर 2 बजे तक बारिश का सिलसिला चलता रहा। फिर बारिश की रफ्तार धीमी पड़ गई इस बीच शाम 6 बजे 18 घंटे में ढाई इंच से अधिक बारिश जीवाजीराव वेधशाला पर दर्ज की गई। वेधशाला अधीक्षक राजेंद्र कुमार गुप्त के अनुसार अब तक 30 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। औसतन आंकड़े में अब 6 इंच की जरूरत है और रह गई। वर्षा काल को 1 माह का समय शेष बचा है इस बार औसतन से अधिक बारिश दर्ज होने की संभावना बनी हुई है।

**जान जोखिम में डाल कर निकलते रहे लोग**-तड़के शुरू हुई तेज बारिश के बाद शिप्रा नदी का जलस्तर भी तेजी के साथ बढ़ने लगा था सुबह 9 बजे छोटे पुल के ऊपर से पानी गुजरता दिखाई देने लगा था करीब 2 फीट ऊपर पहुंच चुके पानी के बीच से लोग अपने वाहन भी निकालते रहे। कई लोग तो जान जोखिम में डाल पैदल पुल पार करते दिखाई दे रहे थे जिन्हें रोकने के लिए होमगार्ड सैनिक पहुंचे थे लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। दोपहर में बैरिकेट्स लगाकर पुल का आवागमन बंद कर दिया गया था वही शिप्रा में स्नान के लिए पहुंच रहे लोगों को भी सावधान किया जा रहा था। शिप्रा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही शहर के कई क्षेत्रों में भी सुबह के समय स्थिति जलजमाव वाली दिखाई दी लेकिन रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते हालात ज्यादा नहीं बिगड़े।

# सभी रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करें

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुमार पुरषोत्तम ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने वाले सभी नवागत रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा यह भी ध्यान दें कि क्षेत्र की मतदाता सूचियों में उस क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ,पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों के नाम मतदाता शामिल हों । उन्होंने जिले में हाल ही में पदस्थ अधिकारियों को भी अपना अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए हिदायत दी है। कलेक्टर ने आज प्रशासनिक संकुल के सभा कक्ष जिले के सभी डिप्टी कलेक्टर ,संयुक्त कलेक्टर की बैठक लेकर उन्हें निर्वाचन कार्य से संबंधित दिशा निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री रोशन कुमार सिंह, अपर कलेक्टर महेंद्र कुमार कवचे , एडीएम अनुकूल जैन एवं जिले के सभी एसडीएम तहसीलदार मौजूद थे।

# संविधान की किताब हाथ में लेकर धरने पर बैठी नूरी

## टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, आवेदन दिया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कांग्रेस नेत्री नूरी खान के खिलाफ कुछ लोगों द्वारा नारे बाजी की गई थी। इससे नाराजल नूरी खान मंगलवार को टावर चौक पर धरने पर संविधान की किताब हाथ में लेकर बैठ गईं। उनका कहना है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

उल्लेखनीय है कि एक मुस्लिम युवती से कथित छेड़छाड़ और मारपीट से शुरू हुआ विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस घटना के विरोध में कांग्रेस नेत्री नूरी खान के नेतृत्व में पिछले शनिवार को मुस्लिम समाज द्वारा कंट्रोल रूम का घेराव किया गया था। इस दौरान एक युवक द्वारा महाकाल की सवारी को लेकर धमकी दी गई थी। जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी सड़कों पर उतर कर जमकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान नूरी खान के खिलाफ नारे भी लगाए गए थे। जिसका वीडियो वायरल हो जाने के बाद एक बार फिर मामला गरमा गया है।अपने खिलाफ लगे नारों से नाराज नूरी खान मंगलवार को टावर चौक पर बरसते पानी में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के नीचे अनिश्चिकालीन धरने पर बैठ गईं। उनका कहना है कि जब तक नारे लगाने वाले लोगों की पहचान और उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो जाती है तब तक में यहीं बैठी रहूंगी। धरने की खबर मिलने पर माधव नगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। इधर, दोपहर को सीएसपी सचिन परते धरना स्थल पर पहुंचे, जिनको नूरी खान ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया।

# मॉनसून में टीवी कलाकारों की स्किनकेयर के क्या हैं राज़



**जीएनएस।** मॉनसून कई लोगों का पसंदीदा मौसम है, लेकिन यह अपने साथ स्किनकेयर की काफी चुनौतियाँ भी लेकर आता है। बहुत ज्यादा आर्द्रता और नमी से त्वचा की कई समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि मुंहासे, रुखी त्वचा, आदि। त्वचा को खुश, लचीला और चमकदार बनाए रखने के लिये एण्डटीवी के कलाकार मॉनसून में स्किनकेयर के अपने भरोसेमंद सीक्रेट्स बता रहे हैं। यह कलाकार हैं गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन'), मनीषा अरोड़ा (महुआ, 'दूसरी माँ') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'हप्पू की उलटन पलटन' की नई राजेश, यानि गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''मॉनसून में मेरी त्वचा ज्यादा सेंसेटिव हो जाती है। स्किन के तेलीय होने से मुंहासे, बंद छिद्रों, काले मस्सों और सफेद फुंसियों जैसी परेशानियाँ होती हैं। इससे निपटने के लिये मेरा घरेलू नुस्खा है अनार के बीजों से बना फेस पैक, क्योंकि उनमें एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी जैसे एंटी-एजिंग तत्व अच्छी मात्रा में होते हैं, जो फीकी त्वचा में जान फूंक देते हैं। मैं एक कप कच्चे ओट्स में दो छोटे चम्मच अनार के बीज मिलाती हूँ। उन्हें एक कटोरी में डालकर दो बड़े चम्मच शहद और छाछ मिलाती हूँ। इसे अपने चेहरे पर कुछ मिनट के लिये लगाकर धो लेती हूँ। इससे त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने, त्वचा को ताजगी देने और अतिरिक्त तेल हटाने में मदद मिलती है।'' 'दूसरी माँ' की महुआ, यानि मनीषा अरोड़ा ने बताया, ''मॉनसून का मतलब है सुखद एहसास करना और प्रकृति के बीच जाकर बारिश में भीगते हुए मजे करना। लेकिन इन सबसे त्वचा पर असर होता है, इसलिये इसकी सुरक्षा करना महत्वपूर्ण है। मैं अपनी त्वचा को एक्सफोलियेट करने के लिये हफ्ते में दो बार घर के बने एक स्क्रब का इस्तेमाल करती हूँ। उस स्क्रब में थोड़ा ओटमील, संतरे का छिलका और रेड लेंटिल पाउडर होता है, जिन्हें गुलाब जल की मदद से मिलाया जाता है। मैं आधा सूखने तक उसे त्वचा पर लगाकर रखती हूँ। फिर अपने चेहरे को आइस वाटर से धोने के पहले कुछ मिनट तक स्क्रब करती हूँ। इसके परिणाम शानदार होते हैं। मैं उन सभी लोगों को इसकी सलाह दूंगी, जो अपनी त्वचा को चमकदार रखना चाहते हैं।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी, यानि विदिशा श्रीवास्तव ने बताया, ''मॉनसून का मौसम हमारी त्वचा के लिये कठोर हो सकता है और आस-पास बहुत ज्यादा नमी के चलते, त्वचा को साफ और परेशानियों से दूर रखना महत्वपूर्ण है। इसके लिये मेरा एक स्किनकेयर रुटीन है। दो छोटे चम्मच समुद्री नमक, एक बड़ा चम्मच ताजा नींबू का रस और ऑलिव ऑइल की कुछ बूंदों से बना एक आसान, लेकिन असरदार फेशियल स्क्रब साफ और सटीक त्वचा के लिये मेरा भरोसेमंद सॉल्यूशन है। मैं अपने चेहरे से मैल और अतिरिक्त तेल हटाने के लिये इस स्क्रब का इस्तेमाल करती हूँ और मेरा चेहरा एकदम तरोताजा हो जाता है।''

**अपने चहेते कलाकारों को देखिये 'दूसरी माँ' में रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' में रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' में रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार सिर्फ एण्डटीवी पर!**

# एक सप्ताह बाद फिर खोलना पड़े गंभीर डेम के गेट

## मंगलवार को दिन भर चला बारिश का दौर, शिप्रा का जलस्तर भी बढ़ा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मानसूनी सिस्टम एक्टिव होने से बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। गंभीर डेम के केचमेंट एरिया में लगातार बरसात होने के कारण वॉटर लेवल मेंटेन करने के लिए 1 सप्ताह बाद फिर से दो गेट खोल गए है। डेम का जलस्तर मंगलवार शाम तक 1976 एमसीएफटी पर मेंटेन हो रहा था।**



लगभग 1 सप्ताह के अंतराल के बाद मंगलवार को सुबह से उज्जैन में बारिश का दौर शुरू हुआ। दूसरी और गंभीर डेम केचमेंट एरिया के आसपास हो रही बारिश के कारण सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात गंभीर डेम के दो गेट खोलने पड़े। दरअसल, इस बार पानी तो रोज गिर रहा है, लेकिन मूसलधार बारिश एक या दो बार ही हुई है। जिस तरह की बारिश हो रही है, उससे जमीन में पानी रिसने से ग्राउंड वाटर लेवल में सुधार हुआ है। मूसलधार कम होने से अभी तक गंभीर डेम को छोड़कर अन्य तालाब पूरी तरह ओवरफ्लो नहीं हुए हैं। शाहिद खेड़ी, पुनासा तालाब सहित जिले के 20 से अधिक बने जलाशय अभी भी पूर्ण क्षमता तक नहीं भर पाए हैं। परंतु गंभीर बांध में इंदौर तथा देवास की ओर हो रही बारिश के कारण पानी की आवक लगातार बनी हुई है यही कारण है कि सप्ताह भर बाद फिर गंभीर बांध के दो गेट खोलने पड़े।

### इस सीजन में दूसरी बार आई गेट खोलने की नौबत...

गंभीर डेम के गेट लगभग 1 सप्ताह पूर्व एक ही बार खोल गए । इधर मंगलवार सुबह डेम के गेट नंबर 2 को 1.50 मीटर और गेट नंबर 2 को एक मीटर तक खोला गया था। डेम में पानी की आवक बनी हुई है। इधर मंगलवार को सुबह से बरसात हो रही है। कभी तेज,तो कभी रिमझिम बरसात का दौर चलता रहा। बीते 24 घंटे में करीब दो इंच वर्षा दर्ज की गई है।

वहीं तापमान लगभग स्थिर बना हुआ है। अधिकत्तम तापमान 30.6 डिग्री से. और न्यूनत्तम तापमान 23.4 डिग्री से रहा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले एक-दो दिन और लगातार बारिश होगी क्योंकि अभी मानसून का सिस्टम सक्रिय बना हुआ है।

# उज्जैन शहर में दो स्थान पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंगलवार को सुबह 10.30 बजे मंगलनाथ रोड स्थित मौनतीर्थ आश्रम से संत शिरोमणि श्री रविदास मंदिर निर्माण समरसता का आगाज हुआ। मौनतीर्थ से यात्रा होती हुई मंगलनाथ रोड खाकचोक पर संत रविदास आश्रम पर पहुंची। आश्रम पर संत रविदास जी की यात्रा के उद्देश्य पर जनसंवाद का आयोजन किया गया जिसमे भारी मात्रा में लोगो ने भाग लिया। जनसंवाद के पूर्व अतिथियों के द्वारा संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। मंच पर महाकालेश्वर मंदिर के गादीपति महंत श्री विनीत गिरिजी महाराज, महंत श्री आनंद जीवनदासजी महाराज, गादीपति स्वामिनारायण आश्रम, श्री माखन सिंह अध्यक्ष तीर्थ मेला प्राधिकरण, डॉ.सत्यानारायण जटिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद, डॉ.मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री, श्री विभाष उपाध्याय यात्रा संयोजक एवं उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद, श्री पारस जैन पूर्व मंत्री एवं विधायक, श्री मुकेश टटवाल महापौर, श्रीमती कलावती यादव सभापति नगर निगम, श्री रमेशचंद्र शर्मा अध्यक्ष राज्य कर्मचारी आयोग, श्री चिंतामणि मालवीय पूर्व सांसद, श्री विवेक जोशी, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री अशोक प्रजापत, श्री राजेंद्र भारती, श्री विशाल राजोरिया, श्री संजय अग्रवाल, श्री चरणजीत सिंह गिल, श्री मुकेश यादव नगर यात्रा संयोजक, श्री भगवान सिंह यात्रा सह संयोजक, श्री सोनू गहलोत पूर्व सभापति, श्री सुरेश गिरि नगर यात्रा समन्यवक, श्री राजेंद्र शर्मा गुरुजी, श्री राम पुजारी, श्री प्रताप सिंह कलोसिया मुख्य वक्ता, श्री संतोष वर्मा उपस्थित थे। यात्रा में सहयोग प्रदान करने में सुश्री विनीता शर्मा, श्री विज्जु कुशवाह, श्री धनंजय शर्मा, श्री मुक्तक गोस्वामी, श्री शानू मेहता, श्री जितेन्द्र परमार, श्री कमल त्रिवेदी, पार्षदगण गण, अधिकारीगण, मप्र जनअभियान के नवांकुर संस्था, परामर्शदाता, BSW, MSW के विद्यार्थी, नगर एवं मंडल पदाधिकारियों आदि ने अपनी भूमिका निभाई।

श्री रविदास जी के मंदिर के निर्माण के लिए महाकाल मंदिर के गादीपति के द्वारा कोटितीर्थ का जल भी अर्पित किया गया। इसके साथ ही चंद्रकेसरी और चंद्रभागा नदी का जल भी अर्पित किया गया।

# ज़ी स्टूडियोज और मखीजा फिल्म्स की 'जोराम' ने डरबन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दो शीर्ष पुरस्कारों के साथ ऐतिहासिक जीत हासिल की




**जीएनएस।** ज़ी स्टूडियोज़ और मखीजा फिल्म्स के मनोरंजक ड्रामा 'जोराम' ने प्रतिष्ठित डरबन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अच्छी-खासी पहचान हासिल की है। फिल्म, जिसने दर्शकों और आलोचकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया है, ने दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीत- मनोज बाजपेयी के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और पीयूष पुती के उल्लेखनीय काम के लिए सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी। यह जीत जोराम को एक सच्ची सिनेमाई उत्कृष्ट कृति के रूप में स्थापित करती है, जिसे दुनिया भर में मनाया जाता है। ये पुरस्कार वास्तव में सिनेमैटोग्राफर पीयूष पुती की प्रतिभा और मनोज बाजपेयी की शानदार प्रतिभा का सम्मान करते हैं, जिन्होंने असाधारण कौशल के साथ कहानी को जीवंत कर दिया।अपनी असाधारण कहानी कहने, उत्कृष्ट प्रदर्शन और लुभावनी सिनेमैटोग्राफी के साथ, जोराम ने वैश्विक सिनेमाई परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है, जो दुनिया भर के दर्शकों के बीच गूंजता है।

# मध्य प्रदेश शासन के पटकथा एवं संवाद लेखन के उच्च सम्मान से सम्मानित हुए मशहूर कवि संदीप शर्मा





**- माननीय संस्कृति मंत्री के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया पुरस्कार**

**- 13 भारतीय और 15 प्रादेशिक कृति पुरस्कारों में से एक कवि संदीप शर्मा के नाम**

**- नरेश मेहता सम्मान के लिए कवि शर्मा की कृति 'जयतु सिंहस्थ' और 'प्रयाग प्रवाह' चयनित हुई ,**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्कृति मंत्री और साहित्य अकादमी के अध्यक्ष विकास जी दवे के करकमलों द्वारा मशहूर कवि संदीप शर्मा को भोपाल में एक भव्य समारोह के अंतर्गत प्रदेश के प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता आशुतोष राणा भी उपस्थित थे ।प्रसिद्ध कवि संदीप शर्मा को उनके पटकथा लेखन एवं संवाद के लिए फ़िल्म प्रयाग प्रवाह और जयतु सिंहस्थ के एवज में प्रादेशिक नरेश मेहता (संवाद, पटकथा लेखन) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह फ़िल्में डॉ . दीपेन्द्र शर्मा के निर्देशन में भोज शोध संस्थान के सहयोग से इंटेक के लिए बनाई गई थी।

साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश शासन का आभार व्यक्त करते हुए और इस सम्मान के प्रति अपना उत्साह प्रकट करते हुए कवि संदीप शर्मा ने कहा, ÷नरेश मेहता सम्मान प्रदेश का बेहद प्रतिष्ठित सम्मान है। नरेश मेहता संवाद एवं पटकथा लेखन सम्मान मिलना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। इस सम्मान को मैं धार की जानता को समर्पित करता हूँ ।गौरतलब है कि उक्त कृति पुरस्कार की घोषणा संस्कृति विभाग की साहित्य अकादमी द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2019 के लिए की गई थी। इसमें 13 भारतीय और 15 प्रादेशिक कृति पुरस्कार शामिल हैं, जिनमें से एक प्रादेशिक पुरस्कार कवि संदीप शर्मा को मिला है ।अखिल भारतीय पुरस्कार के अंतर्गत प्रति रचनाकार को एक लाख रुपए, वहीं प्रादेशिक पुरस्कार के अंतर्गत प्रति रचनाकार को 51 हजार रुपए के साथ शॉल, श्रीफल, स्मृति-चिन्ह और प्रशस्ति के साथ अलंकृत किया गया।मंच के प्रसिद्ध कवि एवं संचालक संदीप शर्मा को साहित्य का ये सम्मान मिलना विशेष उल्लेखनीय है । ज्ञातव्य है कि इस बार सभी साहित्यकारों को दिये गए प्रशस्ति पत्र में अकादमी ने धार की माँ वाग्गदेवी का सम्मान से उल्लेख किया है और उसकी पुनर्स्थापना का संकल्प दोहराया है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )


सिंचाई क्षमता
2003 7 लाख हे.
2023 47 लाख हे.
2025 में होगी 65 लाख हे.
किसान सम्मेलन
2 अगस्त 2023 | दोपहर 3:00 बजे | जिला मंदसौर
₹ 5477 करोड़
की सिंचाई परियोजनाएं
1.35 लाख हेक्टेयर
भूमि होगी सिंचित
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
आगर-मालवा
लोकार्पण
कुण्डालिया दाब युक्त सिंचाई परियोजना चरण-1
4 तालाब/बैराज
मंदसौर
लोकार्पण
गरोठ सिंचाई परियोजना
3 तालाब/बैराज
भूमिपूजन
मल्हारगढ़ दाब युक्त परियोजना
विकास पर्व
16 जुलाई से 14 अगस्त, 2023
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
D11075/23